●वर्ष : 16 ●अंक : 249 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

बुधवार 01 जनवरी 2025

समाचार

## देश की अर्थव्यवस्था को पंख लगा रही स्पेस रिसर्च, 2033 में $44 बिलियन का कारोबार होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** स्पेस रिसर्च में नित्य नई उपलब्धियों ने देश की अर्थव्यवस्था को भी पंख लगा दिए हैं। आने वाले समय में स्पेस रिसर्च से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम, भारत की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाएंगे। स्पेस कार्यक्रमों से 2023 में 8.4 यूएस बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ तो वहीं 2033 तक यह कारोबार, $44 बिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। सात जनवरी को इसरो का स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट, देश के अंतरिक्ष विज्ञान में मील का पत्थर साबित होगा। इसके बाद भारत अंतरिक्ष डॉकिंग तकनीक में अमेरिका, रूस और चीन की बराबरी कर लेगा। अभी तक इन तीन देशों के पास ही यह तकनीक है।

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को बताया, स्पैडेक्स मिशन इसरो की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इसका उद्देश्य दो छोटे उपग्रहों का उपयोग करके अंतरिक्ष यान के मिलन, डॉकिंग और अनडॉकिंग के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास और प्रदर्शन करना है। ये क्षमताएं भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिनमें उपग्रह सर्विसिंग, अंतरिक्ष स्टेशन संचालन और अंतरग्रहीय अन्वेषण शामिल हैं।

बता दें कि 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी60 के सफल प्रक्षेपण के बाद नेशनल मीडिया सेंटर में डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा, स्पैडेक्स का मकसद, प्राथमिक उद्देश्यों में अंतरिक्ष यान के मिलन और डॉकिंग के लिए प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करना है। इस तकनीक की मदद के जरिए स्पेस से कोई उपकरण वापस भी लाया जा सकता है। वहां पर पहले से मौजूद किसी उपकरण को रिप्लेस कर सकते हैं। जब उस उपकरण को वापस लाने में कामयाब होंगे तो यह पता चलेगा कि उसकी खराबी का कारण क्या था। अभी तक सेटेलाइट वहीं पर घूमता रहता था। अब राकेट की लास्ट स्टेज वहीं पर रहेगी। इसकी मदद से वहां लैब बनाई जा सकती है। निकट भविष्य में अधिक वजन वाले सेटेलाइट भेजने में मदद मिलेगी। अभी दो यान एक साथ छोड़े गए हैं। संभव है कि भविष्य में एक ही छोड़ा जाए। 2026 में मानव वाला यान अंतरिक्ष में जाएगा। इस मिशन में पोस्ट-डॉकिंग गतिविधियाँ भी शामिल रहेंगी। इसमें अंतरिक्ष यान स्वतंत्र पेलोड संचालन भी होगा। डॉकिंग प्रक्रिया 7 जनवरी, 2025 को दोपहर में होने की उम्मीद है।

# कौन सी राह पकड़ेंगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

### किस राह पर चलेंगे नीतीश कुमार

राष्ट्रीय जनता दल में दूसरे नंबर के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी के दरवाजे नीतीश कुमार के लिए बंद हो चुके हैं.तेजस्वी के इस बयान को उन चचाओं पर विराम के रूप में देखा गया, जो नीतीश कुमार को लेकर इन दिनों चल रही हैं. चर्चा गरम है कि नीतीश कुमार विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर इंडिया गठबंधन में वापसी कर सकते हैं. दरअसल बीजेपी ने महाराष्ट्र में जिस तरह से शिव सेना नेता एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री नहीं बनाया, उससे जेडीयू को आशंका सता रही है कि विधानसभा चुनाव के बाद बीजेपी शायद नीतीश कुमार को फिर सीएम न बनाए. हालांकि बीजेपी के स्थानीय नेता बार-बार यह कह रहे हैं कि नीतीश कुमार ही एनडीए के नेता होंगे और जीत के बाद मुख्यमंत्री भी नीतीश कुमार ही बनेंगे. इसके बाद भी नीतीश कुमार को लेकर चल रहीं अटकलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

## तेजस्वी ने क्यों कहा कि बंद हैं दरवाजे




नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत का ज्यादातर हिस्सा इन दिनों कड़ाके की सर्दी की चपेट में है. लेकिन बिहार की राजधानी पटना का माहौल गर्म हैं. बिहार लोकसेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में धांधली का आरोप लगाने वाले छात्र आंदोलन कर रहे हैं. इस साल दिसंबर में पटना में इन छात्रों पर तीन बार लाठीचार्ज हो चुका है. इसके बाद भी छात्रों ने अपना आंदोलन वापस नहीं लिया है. वहीं नीतीश कुमार के एक बार फिर पाला बदलने को लेकर चल रहीं अटकलों ने पटना के राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है. नीतीश के फिर इंडिया गठबंधन में लौटने की चचाएँ तेज हैं. लेकिन आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के एक बयान ने इन चचाओं पर विराम लगा दिया है।

**उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार**

दरअसल इस विवाद की शुरूआत उस समय हुई जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में कह दिया कि बिहार के मुख्यमंत्री का फैसला दोनों दलों की बैठक में होगा. इसके बाद से इस बात के कयास लगाए जाने लगे कि बीजेपी बिहार में भी महाराष्ट्र वाला प्रयोग दोहराएगी. महाराष्ट्र में बीजेपी ने अधिक सीटें जीतने के बाद देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बना दिया, जबकि चुनाव एकनाथ शिंदे के चेहरे पर लड़ा गया था. हालांकि अतीत में बीजेपी ने नीतीश कुमार के साथ ऐसा नहीं किया है, 2020 में अधिक सीटें जीतने के बाद भी बीजेपी ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए रखा. इसका वादा बीजेपी के नेताओं ने किया था. हालांकि अमित शाह के बयान के बाद से ही बिहार बीजेपी के नेता यह कहने लगे कि इस बार भी एनडीए के नेता नीतीश कुमार ही होंगे और मुख्यमंत्री भी वही बनेंगे. लेकिन बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने अमित शाह के बयान पर कुछ नहीं कहा. वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार को लेकर एक बयान दे दिया. उन्होंने नीतीश कुमार के लिए 'भारत रत्न' की मांग कर डाली. उनके इस बयान ने आग में घी का काम किया. राजनीतिक विश्लेषकों ने कहा कि गिरिराज सिंह का बयान नीतीश कुमार की राजनीति से गरिमापूर्ण विदाई का प्लान है. इसके बाद से नीतीश कुमार के एनडीए छोड़ने को लेकर चल रही अटकलों को और बल मिल गया।

### बिहार के राज्यपाल का तबादला

नीतीश कुमार ने सोमवार को दिल्ली की यात्रा पर गए थे. वहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना जताई. इसके बाद वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा या किसी दूसरे बीजेपी नेता से मिले बिना दिल्ली लौट आए. इसके बाद यह कहा जाने लगा कि बीजेपी और जेडीयू में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. क्योंकि इससे पहले दिल्ली यात्रा में प्रधानमंत्री मोदी या बीजेपी के दूसरे बड़े नेताओं से मुलाकात जरूर करते थे. इन चचाओं के बीच ही केंद्र सरकार ने बिहार के राज्यपाल को बदल दिया है. केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का राज्यपाल बनाया गया है. खान केरल में अपनी गतिविधियों को लेकर चर्चा में बने रहे. उनका वहां के सीएम पिनाराई विजयन के साथ संबंध बहुत सामान्य नहीं रहे. अब यह देखना होगा कि वो चुनाव से पहले बिहार में कौन सा रुख अपनाते हैं।

## ज्वलंत मुद्दा

सम्पादकीय



### अमित शाह की रणनीति से नक्सलवाद पर लगाम

बीते वक्त में क्या खोया और क्या पाया, हर नए साल के साथ इसके मूल्यांकन की परंपरा है। इस लिहाज से अगर बीते हुए यानी साल 2024 का मूल्यांकन करेंगे तो कई बिंदुओं पर हमें निराशा हाथ लगेगी तो कई उपलब्धियों और कामयाबियों का भी जिक्र होगा। लाल आतंक के रूप में विख्यात नक्सलवाद पर नकेल बीते हुए साल की उपलब्धि कही जा सकती है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, लेकिन इसमें भूमिका राज्यों की भी कम नहीं रही है। बीते साल सुरक्षा बलों की कार्रवाई में भारी संख्या में नक्सली या तो मारे गए हैं या फिर गिरफ्तार किए गए हैं। इसके साथ ही कई नक्सलियों ने समर्पण करके मुख्यधारा की जिंदगी को अपनाया है। नक्सली आतंक पर कामयाबी के पीछे रही तीन-स्तरीय रणनीति, जिसके तहत सबसे पहले नक्सलियों पर समर्पण का दबाव बनाया गया। अगर इसके बावजूद नक्सली नहीं मानता तो उसकी पहले गिरफ्तारी के लिए रणनीति बनाई गई। इसके बावजूद अगर नक्सलवादी नहीं माने तो उनके खिलाफ निर्णायक मुठभेड़ की तैयारी की गई। इसी का असर रहा कि बीते साल अकेले छत्तीसगढ़ राज्य मे ही करीब एक हजा से ज्यादा नक्सलियों ने या तो आत्मसमर्पण किया या फिर उनकी गिरफ्तारी की गई है, जबकि करीब 287 नक्सली मारे गए। इनमें झारखंड में मारे गए नक्सलियों की संख्या सिर्फ नौ रही, जबकि सबसे ज्यादा नक्सली छत्तीसगढ़ में मारे गए। झारखंड में इसी तरह एक सैक मेम्बर, दो जोनल कमांडर, छह सब जोनल कमांडर और छह एरिया कमांडर गिरफ्तार किए गए। इन सभी नक्सलियों पर 36 लाख का इनाम घोषित था। छत्तीसगढ़ की कमर सबसे ज्यादा उस छत्तीसगढ़ में टूटती नजर आ रही है, जहां नक्सलियों कभी कांग्रेस के तकरीबन समूचे राज्य नेतृत्व को खत्म कर दिया था। छत्तीसगढ़ में करीब 867 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलवाद के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारण नक्सल प्रभावित इलाकों में बुनियादी ढांचे की कमी को माना जाता रहा है। नक्सलवाद का समूल नाश करने के लिए मौजूदा केंद्र सरकार ने सबसे पहले इसी समस्या को खत्म करने पर जोर दिया। इसके तहत केंद्र सरकार ने विकास और बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान केंद्रित किया ।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# धर्मांतरण के आरोप में महिलाओं से मारपीट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, पेड़ से बांधकर की थी पिटाई

### राष्ट्रीय महिला आयोग ने डीजीपी से तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने इस घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए ओडिशा के डीजीपी से तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने जांच और कानून व्यवस्था बनाए रखने का भी निर्देश दिया है।



### >>> गोबरधनपुर गांव में हुई थी घटना

उन्होंने बताया कि घटना बृहस्पतिवार को गोबरधनपुर गांव में हुई। दो महिलाओं को एक पेड़ से बांध दिया गया। भीड़ द्वारा उन्हें इस आरोप में पीटा गया कि वे कुछ आदिवासी परिवारों का धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रही थीं। उन्होंने बताया कि घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे देशभर में आक्रोश फैल गया और राज्य में राजनीतिक घमासान मच गया।

### धर्मांतरण के आरोप की भी जांच कर रही पुलिस

डीआईजी सत्यजीत नाइक ने कहा कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और महिलाओं को बचाया, साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या महिलाएं सच में धर्म परिवर्तन करने की कोशिश कर रही थीं। कुछ लोगों को इस मामले में नोटिस भी भेजे गए हैं।

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में दो महिलाओं पर हमला करने के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुछ आदिवासी परिवारों का धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास के आरोप में महिलाओं से मारपीट की गई थी। इस मामले में पुलिस ने चार और लोगों को गिरफ्तार किया है। डीआईजी (पूर्वी रेंज) सत्यजीत नाइक ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि नीलगिरी थाना क्षेत्र के कंसा गांव निवासी मुख्य आरोपी बादल पांडा को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पांडा के साथ ही मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

## त्रिपुरा सरकार नए साल में अवसर सृजन करने के लिए प्रतिबद्धः सीएम साहा

**अगरतला।** त्रिपुरा कैबिनेट ने मंगलवार 255 नए सरकारी पदों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने बताया कि इनमें से 70 पद नए उपनिदेशक अभियोजन कार्यालयों के लिए होंगे, जो सात जिलों में खोले जाएंगे। सीएम साहा ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि हमारी सरकार नए साल में नौकरी के इच्छु उम्मीदवारों के लिए नए अवसर लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। मंत्रिपरिषद ने आज अच्छी संख्या में पद सृजित करने और अन्य रिक्त पदों को भरने की मंजूरी दे दी है।

### 100 पद जूनियर ग्रेड स्टेनोग्राफर के भरे जाएंगे

उन्होंने बताया कि वित्त विभाग के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के 185 पद भी सृजित किए जाएंगे। इसके अलावा, मंत्रिपरिषद ने जूनियर ग्रेड स्टेनोग्राफर के 100 पद भरने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

## सूरत के इस्पात संयंत्र में कोयला गिरने से लगी आग, चार श्रमिकों की मौत व एक घायल

**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले के हजीरा औद्योगिकी क्षेत्र में एक इस्पात संयंत्र में मंगलवार की शाम आग लग गई। इस हदासे में चार लोगों की मौत हो गई, जब एक अन्य श्रमिक घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि घटना आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया के संयंत्र में हुई। हमें जानकारी मिली कि संयंत्र के एक हिस्से में कोयला गिरने से आग लग गई। यह आग उस वक्त लगी, चार श्रमिक लिफ्ट पर थे और उसी दौरान यह हादसा हुआ।



पुलिस और फैक्टरी के निरीक्षक इस घटना की जांच करेंगे।

अधिकारियों के मुताबिक, जिन चार श्रमिकों की जान गई, उनमें से तीन के शव पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजे गए हैं। आगजनी के कारण फैक्टरी को नुकसान हुआ है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी सामने आ सकेगी।

**टिप्पणी:** मस्जिद-मंदिर विवाद पर भागवत की टिप्पणी

# समझदारी से निपटने की अपील की: पांचजन्य

### आरएसएस प्रमुख ने जताई थी चिंता

आरएसएस प्रमुख ने हाल ही में देशभर में मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता जताई और कहा कि कुछ लोग, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद, इस तरह के मुद्दों को उठाकर खुद को 'हिंदुओं के नेता' मानने लगे हैं। 19 दिसंबर को पुणे में 'भारतः विश्वगुरु' विषय पर बोलते हुए मोहन भागवत ने समावेशी समाज की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि भारत में शांति और सद्भाव में जीवन यापन संभव है।



### स्पष्ट बयान से कई अर्थ निकाले जा रहे- हितेश शंकर

पांचजन्य के संपादक हितेश शंकर ने 28 दिसंबर को प्रकाशित संपादकीय में कहा, 'फ्ऱर प्रमुख मोहन भागवत के हालिया बयान के बाद, मीडिया जगत में तीव्र शब्दों की लड़ाई जैसी स्थिति पैदा हो गई है। या तो यह जानबूझकर बनाई जा रही है। एक स्पष्ट बयान से कई अर्थ निकाले जा रहे हैं।

**नई दिल्ली।** आरएसएस से जुड़े एक हिंदी साप्ताहिक ने अपने संपादकीय में कहा है कि, आरएसए प्रमुख मोहन भागवत की हाल की टिप्पणी, जिसमें उन्होंने मस्जिद-मंदिर विवादों के फिर से उभरने पर चिंता जताई थी, इसे 'समाज से एक स्पष्ट अपील' के रूप में देखा गया है कि इस मुद्दे पर 'समझदारी से निपटा जाए'। साप्ताहिक ने इस मुद्दे पर "अनावश्यक बहस और भ्रामक प्रचार" से बचने की चेतावनी दी है। संपादकीय में यह भी कहा गया कि कुछ असामाजिक तत्व, जो खुद को सामाजिक समझदार मानते हैं, सोशल मीडिया पर समाज की भावनाओं का शोषण कर रहे हैं और ऐसे असंगत विचारकों से दूर रहना जरूरी है।

## कांग्रेस को नहीं करनी चाहिए थी राजनीतिः मेघवाल

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करने के मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, 'कांग्रेस को इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए थी, सरकार ने कहा था कि ट्रस्ट बनाया जाएगा। सरकार ने कब इस पर असहमति जताई? कांग्रेस हर चीज में विवाद पैदा करना चाहती है, विवाद पैदा करने के लिए उनकी तरफ से चुना गया यह सही मौका नहीं है'। वहीं संसद के शीतकालीन सत्र में व्यवधान पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, 'हर सत्र से पहले एक मुद्दा आता है। और यह मुद्दा हमारे देश के अंदर से नहीं बल्कि बाहर से आता है। इस बार भी 25 नवंबर को सत्र शुरू होने से पहले एक मुद्दा बाहर से आया। सदन में कांग्रेस ने व्यवधान डाला लेकिन इंडिया ब्लॉक के गठबंधन दलों ने खुद को उस मुद्दे से अलग कर लिया। कांग्रेस ने प्रस्ताव दिया कि अगर हम संविधान पर चर्चा करेंगे तो वे सहयोग करेंगे। 17 दिसंबर को एक विशेष चर्चा हुई, भाजपा और अन्य दलों ने कहा कि कांग्रेस ने बाबासाहेब का सबसे ज्यादा अपमान किया, खासकर जब वे जीवित थे।

# अल-बकी संगठन के विशेष डाक टिकट जारी करना

## प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री सिंधिया का आभार जताया

**हैदराबाद ।** 31 दिसंबर (दाएं) अल-बकी संगठन हैदराबाद चैप्टर ने 'रीबिल्ड बाकी एस' पर आधारित एक विशेष डाक टिकट को मंजूरी देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री ज्योतार आदित्य संध्या का आभार व्यक्त किया है। सम्माननीय अतिथियों डॉ. मोहम्मद इलियास रिजवी (आईएफएस), डॉ. इफ्तिखार बद्र, अल बाकी (यूएसए), मीर फिरासत अली बाकरी, भाजपा तेलंगाना के पूर्व प्रवक्ता, डॉ. नकवी, सैयद अली हुसैन जैदी, मीर रजा अली द्वारा डाक टिकट जारी किए गए। 'मुस्तफा', शब्बीर, 'इरफान', धार्मिक संगठन और कई अन्य समुदाय के नेताओं की उपस्थिति में, नवाब इनायत जंग बहादुर मंडी मीर आलम में हुई।



CMYK

# महाकुंभ में 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना, डिजीटल सुविधाओं से सुसज्जित होगा महाकुंभ

■ भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक


महाकुंभ की जानकारी देते वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना व अन्य।

नई दिल्ली दिसम्बर : उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दिल्ली में एक भव्य रोड शो का आयोजन किया।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। खन्ना ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली की जनता को महाकुंभ में शामिल होने का निमंत्रण दिया। सुरेश खन्ना ने बताया कि महाकुंभ-2025 में 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 35 पुराने और 9 नए घाट तैयार किए गए हैं। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए सिंगल-यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है।

इसके साथ ही, 3 लाख पौधे लगाए गए हैं, जिनका संरक्षण सरकार सुनिश्चित करेगी। परेड ग्राऊंड में 100 बेड का अस्पताल, 20 और 8 बेड के अन्य अस्पताल, और 10 बेड के आईसीयू तैयार किए गए हैं। तीर्थयात्रियों, साधुओं और पर्यटकों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए 291 डॉक्टरों और 182 नर्सों की तैनाती की गई है। डिजीटल ट्रैकिंग के लिए एआई-आधारित चैटबॉट, क्यूआर पास और आरएफआईडी रिस्टबैंड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

101 स्मार्ट पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, जिनमें पांच लाख वाहनों की व्यवस्था होगी। 44 घाटों पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की योजना भी तैयार है। नितिन अग्रवाल ने कहा कि महाकुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे वैश्विक स्तर पर एक अद्वितीय सांस्कृतिक आयोजन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## संसद में गृहमंत्री अमित शाह, बाबासाहेब डॉ अंबेडकर जी का अपमान करते हैं और भाजपा शासित राज्यों में वही वंचित-विरोधी मानसिकता दोहराई जा रही है !



पिछले दो दिनों में -

1. मध्यप्रदेश के देवास में दलित युवक की पुलिस कस्टडी में हत्या कर दी जाती है।
2. ओडिशा के बालासोर में आदिवासी महिलाओं को पेड़ से बांधकर पीटा जाता है।
3. हरियाणा के भिवानी में दलित छात्रा को इअ परीक्षा की फीस न भर पाने पर आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ता है।
4. महाराष्ट्र के पालघर में एक आदिवासी गर्भवती महिला को क्व्व की तलाश में 100 किलोमीटर जाना पड़ता है और उसकी मृत्यु हो जाती है।
5. उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 3 दलित परिवार पलायन के लिए मजबूर कर दिए जाते हैं क्योंकि उनपर जातिसूचक हमले होते हैं और पुलिस मौन रहती है।

ये जगजाहिर है कि मोदी सरकार के संविधान-विरोधी राज में दलित, आदिवासी, पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के खिलाफ लगातार अत्याचार हो रहे हैं। जो गरीब हैं, वंचित हैं वो मनुवाद का दंश झेल रहें हैं।

दलित-आदिवासी महिलाओं व बच्चों के खिलाफ हर घंटे एक अपराध होता है, और NCRB के मुताबिक ये आंकड़े 2014 से दोगुने हो गए हैं।

कांग्रेस पार्टी 140 करोड़ भारतीयों के संवैधानिक अधिकारों का हनन नहीं होने देगी और BJP-RSS की संविधान-विरोधी सोच का मुकाबला करती रहेगी।

## मिशन Spadex को सफलतापूर्वक लॉन्च करके ISRO ने अंतरिक्ष की दुनिया में इतिहास रचा है।



**दिल्ली।** मिशन Spadex को सफलतापूर्वक लॉन्च करके ISRO ने अंतरिक्ष की दुनिया में इतिहास रचा है। यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना और चंद्रयान-4 की सफलता के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसी के साथ भारत स्पेस डॉकिंग तकनीक वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है। छह दशक पहले भारत ने जो सपना देखा था, वह आज साकार हो रहा है। देश के सभी वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और जनता को खूब बधाई।

## लोकल टू ग्लोबल: कॉलनेट ने अपने सर्वोच्च सम्मान से प्रो. सिंह को नवाजा । विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह।



**दिल्ली।** विश्वविद्यालय के सूचना और पुस्तकालय विज्ञान विभाग में प्रसिद्ध शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, समाजसेवी व वरिष्ठ प्रोफेसर के.पी.सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सर्वोच्च शिक्षा पुरस्कार वर्ल्ड लाइब्रेरी लीडर अवार्ड --2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पिछले दिनों कॉलनेट की 18 वीं अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में स्ट्रासबॉर्ग यूनिवर्सिटी फ्रांस में दिया गया था । प्रो.सिंह को फ्रांस /पेरिस में वर्ल्ड लाइब्रेरी लीडर अवार्ड से सम्मानित करने के पश्चात पुस्तकालय विज्ञान विभाग व दिल्ली पुस्तकालय संघ के शिक्षकों ने उनके सम्मान में अभिनंदन एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया । पुस्तकालय विज्ञान विभाग के सीनियर प्रोफेसर राकेश कुमार भट्ट ने उन्हें पुष्पगुच्छ , अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया । इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में प्रो. हंसराज सुमन , प्रो.मनोज कुमार केन , प्रो. श्रीमती एस.पी. सिंह डॉ.उस्मानी , डॉ.रमेश कुमार , प्रो.गुंजन गुप्ता , डॉ.पिंकी शर्मा , डॉ.ज्ञानेन्द्र नारायण सिंह , डॉ.तरुणा जोशी , डॉ. निवेदिता शर्मा , डॉ.अशोक कुमार , डॉ.हंसराज , डॉ.गरिमा गौड़ श्रीवास्तव , डॉ.राजीव शर्मा , डॉ.संजीव शर्मा , डॉ.राजेश कुमार , डॉ.कुमार संजय , डॉ. सुरेखा कौल , डॉ. बबिता गौड़ , डॉ. कनिका गौड़ व डॉ.महेश चंद्र आदि ने उन्हें बधाई देते हुए कहा हमारे विभाग का नाम विश्व पटल पर प्रो.के.पी.सिंह के कारण हुआ है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय ने योग्यता संवर्धन योजना (सीईएस) के लिए आमंत्रित किए आवेदन

नई दिल्ली दिसम्बर : दिल्ली विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय के विभागों (द्वितीय और चतुर्थ सैमेस्टर में) और कालेजों (द्वितीय, चतुर्थ और छठे सैमेस्टर में) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रस्तुत किए जाने वाले पेपरों हेतु योग्यता संवर्धन योजना (सीईएस) 2024-25 के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं।

सीईएस 2024-25 में पंजीकरण के लिए आवेदन 28 दिसंबर से खुल चुके हैं जिनकी अंतिम तिथि 8 जनवरी, 2025 तक है। गौरतलब है कि एनईपी 2020 के अनुसरण में दिल्ली विश्वविद्यालय सीईएस के तहत किसी भी आयु के शिक्षार्थियों को अपने विभागों और कॉलेजों द्वारा प्रस्तुत मौजूदा पाठ्यक्रमों के नियमित विद्यार्थियों के साथ नामांकित होने और अध्ययन करने का अवसर प्रदान करता है। इस योजना का उद्देश्य उन लोगों के शैक्षिक सपनों को पूरा करना है जिन्हें किन्हीं कारणों से पहले अवसर नहीं मिल पाया था; वह व्यक्ति इस योजना के तहत नवीनतम तकनीक, ज्ञान और नवाचार का उपयोग करके अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक कौशल को उन्नत कर सकते हैं। इस योजना के तहत कोई भी व्यक्ति जो मौजूदा पेपर के लिए निर्दिष्ट न्यूनतम पात्रता मानदंड और पूर्व-आवश्यकताएं, यदि कोई हो, को पूरा करता है, उस पेपर के लिए पंजीकरण कर सकता है। किसी भी पेपर में प्रवेश के लिए चयन संबंधित विभागों और कॉलेजों में सीटों की उपलब्धता पर निर्भर है। किसी कोर्स में सीईएस के तहत सीटों को अतिरिक्त माना जाएगा। इच्छुक व्यक्ति विभागों और कॉलेजों द्वारा पेश किए जाने वाले उपलब्ध पेपरों की सूची, पात्रता मानदंड, पंजीकरण और शुल्क संरचना आदि के बारे में विवरण के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल के साथ-साथ विश्वविद्यालय के नोडल समन्वय संस्थान, इंस्टीच्यूट ऑफ लाइफलॉन्ग लर्निंग की वैबसाइट पर सीईएस ई-ब्रोशर से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप-2025 में 917 बालिकाओं सहित 2,361 कैडेट भाग लेंगे

नई दिल्ली दिसम्बर : एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप को सर्व धर्म पूजा के साथ दिल्ली कैंट के करिअप्पा परेड ग्राऊंड में शुरू हुआ। इस वर्ष कैंप में 917 बालिका कैडेट भाग ले रही हैं जो सर्वाधिक है। देश के सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से कुल 2,361 कैडेट एक महीने चलने वाले एनसीसी कैंप में हिस्सा ले रहे हैं।

इनमें जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से 114 और पूर्वोत्तर क्षेत्र से 178 कैडेट शामिल हैं जो लघु भारत की झलक पेश कर रहे हैं। इसके अलावा 14 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत शिविर में भाग लेंगे। इस अवसर पर एनसीसी महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने कैडेटों का स्वागत किया और उन्हें इस सबसे प्रतिष्ठित एनसीसी शिविर के चयन के लिए बधाई दी।

उन्होंने कैडेटों को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ धर्म, भाषा, जाति से ऊपर उठकर सचरित्रता, ईमानदारी, निस्वार्थ सेवा, भाईचारे और समूह कार्य के सर्वोच्च गुण प्रदर्शित करने की सलाह दी। गणतंत्र दिवस कैंप का मूल उद्देश्य भाग लेने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेटों में गहरी देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता उत्पन्न करना है। वार्षिक रूप से आयोजित होने वाले इस आयोजन में कैडेटों को प्रशिक्षण, सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी और सामाजिक सेवा पहल में भाग लेने का अवसर मिलता है जिससे एकता और गौरव की भावना प्रबल होती है।

## पिछले दस वर्षों में हुए अवसंरचना विकास ने रामबन को बदल दिया, जम्मू के साथ परिवहन-संपर्क को बढ़ावा मिला : जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली दिसम्बर : केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पैंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने जनता दरबार लगाया और उप-आयुक्त के नेतृत्व में एनएचएआई और यूटी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सहित वरिष्ठ केंद्रीय सरकारी अधिकारियों की मौजूदगी में जनता के समूहों और प्रतिनिधिमंडलों से सीधे बातचीत की। मौके पर ही कई निर्णय लिए गए। डा. जितेंद्र सिंह ने धैर्यपूर्वक लोगों की बात सुनी और प्रत्येक मामले के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्देश जारी किए। डा. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार ने जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में अवसंरचना विकास के विस्तार के लिए पिछले दशक में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।मंत्री ने कहा कि इस अवधि के दौरान उठाए गए कदम दो-आयामी थे। पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम अतीत की कमियों को दूर करना और रुकी हुई परियोजनाओं को फिर से शुरू करना था, और दूसरा कदम जिले में परिवहन-संपर्क को बढ़ावा देने के लिए महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को शुरू करना था। डा. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पहले जम्मू से रामबन की यात्रा में पूरा दिन लग जाता था, लेकिन अब यह दूरी दो घंटे से भी कम समय में पूरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि रामबन को उधमपुर से जोड़ने वाली डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सुरंग, क्षेत्र में परिवहन-संपर्क को बढ़ावा देने का एक अन्य उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अब इस क्षेत्र में कई अन्य सुरंगें भी बन गई हैं, जो यात्रियों के लिए यात्रा को आसान बनाएंगी। ऐतिहासिक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सुरंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी, जो उन्हें डॉ. मुखर्जी के जीवन और संघर्षों की याद दिलाएगी, जिन्हें इसी मार्ग से कश्मीर ले जाया गया था और उनकी हत्या कर दी गई थी।

## गोलीकांड में तीसरे युवक की मौत के बाद शव का हुआ पोस्टमार्टम, परिवार के लोग रहे मौजूद

यमुनानगर, दिसंबर : चार दिन पहले गांव खेड़ी लक्खासिंह में पुलिस चौकी के पास हुए गोलीकांड में घायल शराब ठेकेदार अर्जुन निवासी उन्हेड़ी ने रविवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। अर्जुन के शव का पोस्टमार्टम यमुनानगर के सिविल अस्पताल के शवगृह में करवाया गया। इस दौरान डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौप दिया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है। वही पुलिस का शवगृह के बाहर पहरा रहा। गौरतलब है कि गांव खेड़ी लख्खा सिंह में जिम से बाहर निकल कर अपनी स्कॉर्पियो में बैठते समय तीन युवकों को अज्ञात बाइक सवार पांच से छह नकाबपोश बदमाशों ने अंधाधुंध गोलियां चलाकर गोलनी निवासी विरेंद्र राणा व शराब कारोबारी पंकज मलिक निवासी बड़ौत यूपी की मौके पर ही हत्या कर दी थी। जिसमें अर्जुन निवासी उन्हेड़ी गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज चल रहा था। जिसकी रविवार दोपहर को मौत हो गई थी, जिसका पोस्टमार्टम आज डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा कराकर शव परिजन को सौप दिया गया। पुलिस की जांच में सामने आया कि हर दिन पंकज व अर्जुन उन्हीं के ग्रुप के रिंकू राणा के साथ जिम जाते थे और रिंकू राणा की ही हमलावरों ने रैकी की थी। जिसकी भनक रिंकू राणा को लग गई और वह घटना वाले दिन जिम नहीं गया। जिस कारण पंकज व अर्जुन ने वीरेंद्र राणा से जिम जाने के लिए उसकी कार में लिफ्ट ले ली। उन्हें लिफ्ट देना ही वीरेंद्र को मंहगा पड़ गया। जिसमें वीरेंद्र हमलावरों की गोलियों का शिकार हो गया और अपनी जान गवां दी थी।

## सीएम आतिशी ने ग्रंथियों का किया रजिस्ट्रेशन

### गुरुद्वारा साहिब में प्रार्थना भी की



**दिल्ली।** की मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को 'पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना' योजना के तहत ग्रंथियों का पंजीकरण करने के लिए करोल बाग इलाके में संत सुजान सिंह महाराज गुरुद्वारा का दौरा किया। उन्होंने गुरुद्वारे के ग्रंथियों को अपनी पार्टी द्वारा घोषित योजना के लिए पंजीकृत करवाया, जिसके तहत पुजारियों और ग्रंथियों को मासिक मानदेय दिया जाएगा। उनकी यात्रा उनकी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली के एक मंदिर में योजना शुरू करने के कुछ घंटों बाद हो रही है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने कहा मुझे खुशी है कि अरविंद केजरीवाल द्वारा शुरू की गई 'पुजारी ग्रंथी सम्मान' योजना के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। ग्रंथी (गुरुद्वारा पुजारी) ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह की सरकार के बाद संभवतः यह पहली सरकार है जो ग्रंथियों के लिए चिंतित है... दिल्ली में जब अरविंद केजरीवाल सरकार बनेगी तो हर मंदिर और गुरुद्वारा के पुजारी को इस योजना के तहत 18,000 रुपये मिलेंगे। इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए कहा कि आज मरघट वाले बाबा के मंदिर (ISBT) में दर्शन किए और पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का शुभारंभ किया। यहाँ के महंत जी का आज जन्मदिन है। उनके साथ जन्मदिन भी मनाया। बीजेपी ने आज रजिस्ट्रेशन रोकने की पूरी कोशिश की। लेकिन भक्त को अपने भगवान से मिलने से कोई नहीं रोक सकता। योजना के तहत, केजरीवाल ने वादा किया कि अगर आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में सत्ता में लौटती है तो सभी हिंदू मंदिर पुजारियों और ग्रंथियों को 18,000 रुपये का मासिक सम्मान दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि आप कार्यकताओं द्वारा शहर भर के अन्य मंदिरों और गुरुद्वारों में भी पंजीकरण किया जाएगा। केजरीवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि आज मैंने मरघट बाबा के मंदिर ( ISBT) में दर्शन किये और पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का शुभारंभ किया। आज यहां के महंत जी का जन्मदिन है. मैंने उनके साथ उनका जन्मदिन भी मनाया।

## दिल्ली पुलिस के साथ नोवेक्स की साझेदारी, संगीत उद्योग को रॉयल्टी दिलाने की पहल

नई दिल्ली दिसम्बर : बॉलीवुड संगीत निमार्ताओं और मालिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए, नोवेक्स कम्युनिकेशंस ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने कई प्रतिष्ठानों के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन के लिए शिकायत दर्ज की है। दिल्ली और उत्तर प्रदेश में मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित करने वाले होटलों और सार्वजनिक स्थलों के लिए नोवेक्स लाइसेंस सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया है। इस प्रयास में दिल्ली पुलिस और नोवेक्स के लाइसेंस अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। नोवेक्स कम्युनिकेशंस का उद्देश्य कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के तहत बॉलीवुड संगीत के रचनात्मक कार्यों को सुरक्षित करना और संगीत उद्योग को उनकी उचित रॉयल्टी दिलाना है। यशराज फिल्म्स, जी म्यूजिक और टिप्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड जैसे प्रतिष्ठित लेबल के गानों के अधिकार प्रबंधन के साथ, नोवेक्स संगीत के सार्वजनिक प्रदर्शन और ग्राउंड परफॉरमेंस के अधिकारों की देखरेख करता है।

## जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ ने देहरादून का दौरा किया

नई दिल्ली दिसम्बर : जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, चीफ ऑफ द आर्मी स्टाफ ने उत्तराखंड के देहरादून का दौरा किया, जहां उन्होंने क्षेत्र की ऑपरेशनल तत्परता की समीक्षा की और वहां तैनात सैनिकों से बातचीत की।

उनके साथ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, सेंट्रल कमांड भी थे। इस दौरान लैफ्टिनैंट जनरल डी.जी. मिश्रा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, उत्तर भारत क्षेत्र, और मेजर जनरल नवीन महाजन, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, गोल्डन की डिवीजन से विस्तृत ब्रीफिंग प्राप्त हुई। ब्रीफिंग्स में क्षेत्र की ऑप्रेशनल क्षमताओं, चल रही सुरक्षा पहलों और बुनियादी ढांचे के विकास पर चर्चा की गई। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों से बातचीत करते हुए उनकी पेशेवर क्षमता, समर्पण और राष्ट्र सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने सैनिकों को उच्चतम ऑप्रेशनल दक्षता बनाए रखने और सुरक्षा के जटिल वातावरण में अनुकूलन की महत्ता को बताया। सेना की आधुनिक उपकरणों की योजना, प्रशिक्षण मानकों में सुधार और नवाचार को बढ़ावा देने के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष संबोधन में 2025 के लिए सभी सैनिकों को शुभकामनाएं दीं।

**राम नाम याद आ रहा है...**

## केजरीवाल के पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना पर बीजेपी का तंज

**दिल्ली।** भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने 'पुजारी, ग्रंथी सम्मान योजना' की घोषणा के बाद आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला किया और कहा कि अरविंद केजरीवाल अब एक पराजित और हताश नेता हैं जो सत्ता में बने रहने के लिए लोकलुभावन घोषणाएं कर रहे हैं। 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले, आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने 'पुजारी, ग्रंथी सम्मान योजना' की घोषणा की, जिसके तहत उन्होंने कहा कि मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारे के 'ग्रंथियों' को लगभग 18,000 रुपये प्रति महीने का सम्मान मिलेगा। राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, दिल्ली भाजपा प्रमुख ने कहा कि आप जानती है कि वे दिल्ली चुनाव हारने वाले हैं, इसलिए वे 'भगवान राम' को याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल अब एक हारे हुए और हताश नेता हैं जो सत्ता में बने रहने के लिए रोजाना लोकलुभावन घोषणाएं कर रहे हैं। उन्हें (दिल्ली सरकार को) अदालत में जवाब देना होगा कि उन्होंने मौलवियों जैसे पुजारियों और ग्रंथियों को भुगतान क्यों नहीं किया- इससे छुटकारा पाने के लिए, उन्होंने इस योजना (पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना) की घोषणा की है। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जब आप (आप) देखते हैं कि आप हार रहे हैं, 'तुम्हें राम नाम याद आ रहा है।' उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली बीजेपी और उसके पुजारी प्रकोष्ठ के दो साल से अधिक समय से चल रहे आंदोलन के दबाव के कारण अरविंद केजरीवाल को पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका के आलोक में, केजरीवाल को पता था।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को मिलेगा सूखा, बाढ़ और अन्य खतरों से सुरक्षा

■ किसान सीसीई के आधार पर प्राप्त कर सकेंगे फसल नुक्सान के लिए दावा

नई दिल्ली दिसम्बर : एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरैंस कंपनी को हरियाणा सरकार ने रबी 2024-25 सीजन के लिए हिसार, सोनीपत, गुड़गांव, करनाल, अंबाला, जींद और महेंद्रगढ़ जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है। इस योजना के तहत, किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, भारी वर्षा, कीटों, बीमारियों और अन्य बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुक्सान से बीमा सुरक्षा मिलती है। फसल के नुक्सान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार अधिसूचित क्षेत्रों में फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) संचालित करेगी। यदि सीसीई में पैदावार कम पाई जाती है, तो किसान को नुक्सान के लिए दावा दिया जाएगा।

यह योजना फसल चक्र के सभी चरणों-बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम-के लिए बीमा कवरेज प्रदान करती है। किसान अपने जिले में स्थित बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट से संपर्क करके पीएमएफबीवाई योजना के तहत बीमा कवरेज का लाभ उठा सकते हैं। बीमा कवर प्राप्त करने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024 है। इस योजना का उद्देश्य अप्रत्याशित घटनाओं से उत्पन्न फसल नुक्सान से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, उनकी आय को स्थिर करना, और उन्हें नवीन कृषि पद्धतियां अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह कृषि क्षेत्र के लिए ऋण के प्रवाह को भी सुनिश्चित करता है।

## दिल्ली में छाया घना कोहरा, साल के अंतिम दिन भी नहीं है शीतलहर से राहत

**दिल्ली।** नया साल आने में कुछ ही घंटे शेष बचे है। नए साल के उत्साह के बीच नई दिल्ली को शीत लहर से कोई राहत नहीं मिली है। राष्ट्रीय राजधानी 2024 के आखिरी दिन भी भीषण ठंड की चपेट में है और ठिठुर रही है। रात के तापमान में भारी गिरावट के बाद, दिल्ली में एक बार फिर घने कोहरे के साथ सुबह हुई है। वहीं कैलेंडर में तारीख बदलने के अलावा दिल्ली के हालात नहीं बदलें है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के अनुसार, 31 दिसंबर (नए साल की पूर्व संध्या) को आसमान में बादल छाए रहेंगे। पूर्वानुमान के अनुसार, तापमान न्यूनतम 10.05 डिग्री सेल्सियस से अधिकतम 20.84 डिग्री सेल्सियस तक रहने की उम्मीद है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्लीवासियों को नए साल में शीत लहर से जल्द राहत मिलने की संभावना नहीं है। आईएमडी ने कहा कि नई दिल्ली में 1 जनवरी को न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः 13.57 डिग्री सेल्सियस और 22.18 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

समाचार

## श्री राम सेवा समिति द्वारा हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया



लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर की धार्मिक समाजसेवी संस्था श्री राम सेवा समिति जनपद अमरोहा के साप्ताहिक धार्मिक कार्यक्रम घर-घर श्री हनुमान चालीसा का पाठ व आरती के अंतर्गत इस मंगलवार को भी श्री बालाजी भगवान का चालीसा पाठ व आरती के कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम इस बार नगर के व्यापारी कविन्द रस्तोगी के आवास पर पर संपन्न हुआ, चालीसा का पाठ करने के बाद श्री बालाजी भगवान की आरती कर प्रसाद का वितरण किया, इस मौके पर व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से लोगों धर्म के प्रति जागरूकता पैदा होती है अतः ऐसे धार्मिक कार्यक्रम होते रहने चाहिए, चालीसा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता, कविंद्र रस्तोगी, रानू रस्तोगी, विजय पारछा, मुकुल अग्रवाल, सचिन गुप्ता, बबलू पाल, आकाश अग्रवाल, जतिन गुर्जर, मनोज शर्मा, सोनू सैनी, पवन चौहान, सौरव गुप्ता, राजन पाल, राजकुमार सागर, अंकिता रस्तोगी, शुभांगी रस्तोगी, गजल रस्तोगी आदि सहित दर्जनों श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

## डॉ विनोद जी अस्पताल के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन




लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर में रोटरी क्लब हसनपुर आस्था के तत्वावधान में डा. विनोद जी अस्पताल के द्वारा विशाल निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन रहरा रोड पर स्थित डॉक्टर तीर सिंह सिरोही के अस्पताल में किया गया, निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में डा विनोद जी अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. प्रांजल अग्रवाल ने 120 से ज्यादा मरीजों के आँखों की जांच की, जिसमें से 30 से ज्यादा मरीजों को मोतियाबिंद एवं नखूने के ऑपरेशन की सलाह दी, तथा शुगर से पीड़ित रोगियों को नियमित तौर पर आंखों के पर्दे की जांच कराने के विषय में अवगत कराया। शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर की जाँच भी निःशुल्क की गई और 80 से ज्यादा मरीजों को निःशुल्क दवा दी गयी। इस संबंध में डॉक्टर प्रांजल अग्रवाल ने बताया की मरीजों के ऑपरेशन रियायती दरों पर अथवा आयुष्मान योजना से निःशुल्क किए जाएंगे, वहीं शिविर के आयोजन में रो. डॉ तीर सिंह सिरोही का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर रो.ब्रह्मदत्त त्यागी, रो.विनोद सक्सैना, रो.सुनील भटनागर एवं इकरामुद्दीन अली आदि मौजूद रहे।

## हर तीर्थयात्री-हर पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा हमारी शीर्ष प्राथमिकताः मुख्यमंत्री




**प्रयागराज, 31 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में प्रत्येक तीर्थयात्री और पर्यटक की सुरक्षा और सुविधा को सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताया है। उन्होंने कहा है कि महाकुम्भ में कोई भारतीय हो या विदेशी, प्रवासी भारतीय हो या प्रयागराजवासी, बिना भेदभाव सबकी सुरक्षा-सबकी सुविधा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के दौरान आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, अग्निशमन, घाट सुरक्षा और आपातकालीन चिकित्सा तंत्र को और पुख्ता किया जाना आवश्यक है। सुरक्षा से जुड़ी सभी एजेंसियों को 247 एक्टिव रहना होगा। इंटेलिजेंस को और मजबूत करने पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ के दौरान एंटी ड्रोन सिस्टम के प्रभावी इस्तेमाल के निर्देश भी दिए हैं। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ की थीम पर चल रहीं फर्जी वेवसाइट और एप के चिन्हांकन और कार्रवाई के साथ साथ आमजन को इस बारे में जागरूक करने की जरूरत बताई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कतिपय अराजक संगठनों/व्यक्तियों द्वारा महाकुम्भ के नाम पर फजीर्वाड़ा कर वसूली करने का दुस्साहस किया जा रहा है, पुलिस द्वारा ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## आतिथ्य सेवा के साथ स्वच्छता का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा प्रयागराजः सीएम योगी



**महाकुम्भ नगर, 31 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रयागराज में महाकुम्भ के दृष्टिगत समीक्षा बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में एक बार फिर प्रयागवासियों से आतिथ्य सेवा के साथ ही महाकुम्भ के दौरान स्वच्छता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करने की अपील की। उन्होंने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सबके सहयोग से महाकुम्भ को पूरी भव्यता के साथ यहां पर आयोजित करने का गौरव न सिर्फ डबल इंजन सरकार को बल्कि प्रयागराज वासियों को भी प्राप्त होने जा रहा है। प्रयागराज वासियों से अपील होगी कि स्वच्छता और आतिथ्य सेवा का जो उदाहरण उन्होने 2019 कुम्भ में प्रस्तुत किया है, उससे अच्छा अवसर इस बार उनके सामने आ रहा है। इस बार भी हमारा प्रयागराज आतिथ्य सेवा के साथ-साथ स्वच्छता का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

# भोले बाबा के साप्ताहिक कीर्तन में भजनों पर झूमे भक्त

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** नगर के मोहल्ला यादव सराय स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर पर भोले बाबा के साप्ताहिक कीर्तन में भोले बाबा के भजनों पर भक्तगण जमकर झूमे, बताते चले की प्रत्येक सोमवार को नगर के मोहल्ला यादव सराय स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर पर भोले बाबा का साप्ताहिक कीर्तन आयोजित किया जाता है इसी क्रम में सोमवार की देर रात भोले बाबा का कीर्तन आयोजित किया गया जो देर रात्रि तक चला, भोले बाबा के कीर्तन में मोहल्ले वासियों ने भोले बाबा के एक से बढ़कर एक सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किया जिन्हें सुनकर उपस्थित श्रद्धालु गण जमकर झूमे, सर्वप्रथम भोले बाबा की आरती की गई एवं भोग लगाया गया तथा भक्तों द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए देर रात तक चली भजन संध्या के उपरांत भोले बाबा को 56 भोग अर्पित किया गया तथा कीर्तन समाप्ति पर भी आरती की गई एवं प्रसाद का वितरण किया गया, इस मौके पर मुख्य रूप से देवेंद्र यादव, रमेश यादव, मनोज यादव, महेंद्र यादव, वेद प्रकाश यादव, विकास यादव, सीमा यादव, कुसुम देवी, भारती देवी, प्रिया यादव, रानी देवी, सुशील यादव, शीतल यादव, रिया यादव, सुमन यादव, टीना यादव, गुड्डो यादव, अर्जुन यादव, अंजू यादव, रेनू यादव, रीना यादव आदि सहित भारी संख्या में सनातन धर्म के लोग मौजूद रहे।

# दलित दंपत्ति मारपीट मामले में एससी एसटी धारा बढ़ाने को लेकर भीम आर्मी ने काटा हंगामा

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर/सैद नंगली।** बता दे कि थाना सैद नंगली क्षेत्र के गांव बांहपुर में बीते शनिवार को गांव निवासी दलित अशोक एवं उनकी पत्नी राधा को भैंसा बुग्गी में खाद भरकर खेत पर ले जाते समय रास्ते में गांव निवासी बाइक सवार प्रधान पुत्र ने रोक लिया और अपने अन्य साथियों को फोन कर बुला लिया। जहां दलित दंपत्ति के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने तथा दंपति के साथ गाली गलौज का विरोध करने पर लात घूसों एवं लाठी डंडों से मारपीट की गई। इसके बाद पीड़ित दंपति ने थाने पहुंचकर आरोपी प्रधान पुत्र तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने मारपीट की मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। जिससे गुस्साएं ग्रामीण भीम आर्मी के कार्यकताओं के साथ मंगलवार को थाने पहुंचे और जमकर हंगामा काटा। इस दौरान पुलिस से जमकर नोंकझोंक हुई। इस संबंध में भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष मोनू सागर ने बताया कि दलित दंपति के साथ मारपीट तथा जाति सूचक शब्द की तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने मारपीट की मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। हमारी मांग है कि पुलिस एससी एसटी की धाराओं में भी मुकदमा पंजीकृत करें। उन्होंने बताया कि थाना अध्यक्ष द्वारा दो दिन का समय मांगा गया है। अगर दो दिन के अंदर एससी एसटी की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो भीम आर्मी द्वारा ग्रामीणों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा।

# अभाविप द्वारा आयोजित बस्ती नगर खेल कुंभ 2024 का पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह हुआ संपन्न

तौफीक खान संवाददाता बस्ती

**बस्ती।** नगर में विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित 25 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024 तक आयोजित नगर खेल कुंभ का भव्य समापन पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का सफलता पूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन ने युवाओं को खेल प्रतिभा के प्रदर्शन और प्रेरणा का अद्भुत मंच प्रदान किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद श्री हरीश द्विवेदी उपस्थित रहे। स्वागत अध्यक्ष राणा दिनेश प्रताप सिंह, प्रांत प्रवासी के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ऋषभ सिंह, नगर उपाध्यक्ष शालिनी पाण्डेय, और जिला संयोजक विकास कसौधन मंच पर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अनेक गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि श्री हरीश द्विवेदी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहाः "खेल कुंभ जैसे आयोजनों से न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, टीम वर्क और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देता है। हरिश जी ने कहा कि अपने शुरूआती जीवन में वह भी विद्यार्थी परिषद से जुड़कर तमाम सारे अभियानों का हिस्सा बने जो कि उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा खेल, शिक्षा के साथ-साथ हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बस्ती जैसे नगरों में ऐसे आयोजनों की अत्यधिक आवश्यकता है, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवाओं को एक समान मंच मिल सके।" उन्होंने आगे कहा, "भारत के युवा, देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। यदि उन्हें सही दिशा और मंच मिले, तो वे किसी भी क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकते हैं। आज यहां उपस्थित खिलाड़ियों ने जिस उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया, वह सराहनीय है। नगर खेल कुंभ के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने का प्रयास सराहनीय है। मैं आयोजकों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि यह परंपरा हर वर्ष और भी बड़े स्तर पर जारी रहेगी। राणा दिनेश प्रताप सिंह ने समारोह में अपने संबोधन में कहा, "खेलों का केवल मनोरंजन से ही संबंध नहीं है, बल्कि यह हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति को मजबूत करता है। ऐसे आयोजन हमारे समाज में सामूहिकता और एकजुटता को प्रोत्साहित करते हैं। आज हम युवा पीढ़ी को सही दिशा देने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं।" उन्होंने अभाविप द्वारा आयोजित खेल कुंभ की सराहना की और भविष्य में और भी ऐसे आयोजनों की उम्मीद जताई।ऋषभ सिंह ने कहा हुआवेई खेल की गतिविधि के माध्यम से युवाओं में जागरूकता के साथ-साथ समाज के अन्य आयाम में भी कार्य करती है जैसे राष्ट्रीय कला मंच में डिवीजन फार्मा विजन के माध्यम से विद्यार्थियों को नेतृत्व को प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त,युवाओं का खेलों में हिस्सा लेना केवल मनोरंजन का जरिया नहीं, बल्कि यह उनके व्यक्तित्व और मानसिकता का विकास भी करता है। हम सभी को यह समझना चाहिए कि खेल जीवन का अहम हिस्सा हैं। इस आयोजन से यह सिद्ध होता है कि युवा पीढ़ी न केवल देश की प्रगति में भागीदारी कर सकती है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक बदलाव ला सकती है। हमें इसे और बढ़ावा देना होगा। मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम का समापन खिलाड़ियों, आयोजकों और अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ। इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। नगर उपाध्यक्ष शालिनी पाण्डेय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी का आभार प्रकट किया एवं प्रांत कार्यकारिणी सदस्य स्निग्धा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान जिला संगठन मंत्री सात्विक श्रीवास्तव, प्रांत फार्मा विजन संयोजक अखिलेश सिंह ,विभाग संयोजक बृजभूषण उपाध्याय ,जिला संयोजक विकास कसौधन ,आशुतोष पाण्डेय , मारुत पाण्डेय , अंकित शुक्ला , अर्षित जायसवाल, विकास त्रिपाठी , महक, हर्षिता , अमरेंद्र पाण्डेय, विशाल, शुभेंदु ,हर्षित ,अभय, लक्ष्य ,महेंद्र, एवं अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# अग्रवाल सभा हसनपुर की मासिक समीक्षा बैठक हुई संपन्न

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** नगर की सामाजिक संस्था अग्रवाल सभा हसनपुर की सोमवार की देर रात मोहल्ला कायस्थान में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के आवास पर मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, बैठक की अध्यक्षता दिनेश अग्रवाल ने की तथा संचालन महामंत्री रविंद्र जिंदल ने किया बैठक में अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्त ने वर्ष 2024 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया, बैठक में पहुंची महिला अग्रवाल सभा की अध्यक्षा संगीता अग्रवाल ने बताया कि महिला अग्रवाल सभा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 2 जनवरी को नगर की अग्रवाल धर्मशाला में महिला अग्रवाल सभा द्वारा रजत जयंती वर्ष मनाते हुए माता की चौकी का कार्यक्रम शाम 6 बजे से आयोजित किया जाएगा, वहीं बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई तथा नगर के भाटिया वाला कुएं पर महाराजा अग्रसेन जी की मूर्ति स्थल पर सौंदर्य करण के बाद जल्द ही महाराज जी की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा, इस मौके पर मुख्य रूप से डॉक्टर शिवचंद दास अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, रविंद्र जिंदल, रमेश चंद्रगुप्त, मुकेश गोयल, आदेश अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, राजीव अग्रवाल सर्राफ, अभिषेक अग्रवाल, अमित अग्रवाल गिरिराज ट्रेडर्स, प्रवीण अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर के बाद आपस में टकराई दो बाइक, एक की मौत

लोकतंत्र की शान
संवाददाता मंजीत शर्मा




**पीलीभीत।** देर रात ठल 730 पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक मे मारी टक्कर, टक्कर लगने से दो बाइक आपस में टकराईं, सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पीछे से आ रही कार ने बाइक सवार युवक को कुचला,कार की टक्कर से युवक की मौके पर दर्दनाक मौत,हादसे के बाद वाहन चालक मौके से हुआ फरार। राहगीरों ने 2 घायलों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया। पीलीभीत के थाना गजरौला इलाके के ठल 730 के पिपरिया की घटना बताई जा रही है। एक अज्ञात वाहन ने बाइक मे मारी जोरदार टक्कर, टक्कर लगने से दो बाइक आपस में टकरा गई और हादसा हो गया, हादसे मैं एक युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर तत्काल थाना गजरौला पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों द्वारा 01 व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया, पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पीएम के लिए भेजा। मामले की पूरी तरह से जांच प्रचलित, पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## सीएम योगी की अगुवाई में गरीबी मुक्त प्रदेश की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, 31 दिसंबर।** सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने के लिए योगी सरकार महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि 2 अक्टूबर 2025 तक प्रदेश के अति गरीब परिवारों को चिन्हित कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। इस दिशा में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण और सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह पहल जीरो पावर्टी अभियान के तहत चल रही है, जो उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त राज्य बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है।

**प्रदेश में 15 लाख अति गरीब परिवार को चिन्हित कर रही योगी सरकार**

योगी सरकार प्रदेश में 15 लाख अति गरीब परिवारों को चिन्हित करने के लिए पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, बीसी सखी, और स्वयं सहायता समूहों (एस.एच.जी.) की मदद से सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इन परिवारों में आवासहीन, कच्चे मकानों में रहने वाले, भूमिहीन, और दिहाड़ी मजदूरी करने वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जा रही है। सर्वेक्षण पूरा होने के बाद इन परिवारों के रिकॉर्ड का सत्यापन ग्रामस्तरीय समितियों द्वारा किया जाएगा।

## स्वच्छ प्रयागराज- सुव्यवस्थित महाकुम्भ की परिकल्पना को साकार करेगा बायो सीएनजी प्लांटः मुख्यमंत्री

**प्रयागराज, 31 दिसंबरः-** स्वच्छ और सुव्यवस्थित महाकुम्भ की परिकल्पना के साथ नैनी में प्रदेश का पहला एमएसडब्ल्यू बायो सीएनजी प्लांट क्रियाशील होने को तैयार है। मंगलवार को महाकुम्भ की तैयारियों को परखने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बायो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण किया। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बायो प्लांट स्वच्छ प्रयागराज- सुव्यवस्थित महाकुम्भ के संकल्प की दिशा में एक प्रयास है, जो महाकुम्भ के बाद भी प्रयागराज नगर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। प्रदेश में म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट आधारित इस पहले सीएनजी प्लांट से 200 परिवारों को रोजगार भी मिला है। पीपीपी मॉडल पर संचालित होने वाले इस प्लांट का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा को साकार करता यह प्लांट





आरएनजी (नवीकरणीय प्राकृतिक गैस) परियोजना, अत्याधुनिक और नवीनतम तकनीक के साथ नगर निगम के ठोस कचरे को बायोगैस में संसाधित करने के लिए सबसे उन्नत और कुशल सुविधाओं में से एक है। अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित इस परियोजना के अंतर्गत प्रयागराज शहर में घरों, होटल-रेस्टोरेंट्स और मंदिरों से हर दिन निकलने वाले औसतन 200 टन गीले कचरे से लगभग 21500 किलो बायो उठऋ और 209 टन जैविक खाद बनेगी। प्लांट की कुल क्षमता 343 टन प्रति दिन उत्पादन की है। हर दिन प्लांट से 21.5 टन बायो उठऋके साथ 109 टन ठोस जैविक खाद और 100 टन तरल जैविक खाद बनेगी। इससे 56700 टन वार्षिक कार्बन उत्सर्जन में कमी आ सकेगी।

# धर्म की अलख जगाने प्रयागराज महाकुम्भ आ रही है पवित्र छड़ी यात्रा

**महाकुम्भ नगर, 31 दिसंबर।** प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे करोड़ों श्रद्धालु सनातन की अलख जगाने निकली पवित्र छड़ी का भी दर्शन कर सकेंगे। श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के सैकड़ों महात्मा इस पवित्र छड़ी को लेकर प्रयागराज पहुंच रहे हैं।

**आवाहन अखाड़े के साधुओं का जत्था हरिद्वार से पवित्र छड़ी लेकर रवाना**

हरिद्वार से यह पावन छड़ी यात्रा शुरू हो चुकी है। छड़ी यात्रा की अगुवाई प्रयाग महाकुम्भ मे आवाहन अखाड़े के दादा जी धुनी वाले श्री महन्त गोपाल गिरी कर रहे हैं। उनका कहना है कि अखाड़े के निदेर्शानुसार छड़ी के चार श्री महन्त चुने गए हैं जो उनके साथ चल रहे हैं। आवाहन अखाड़े के साधुओं का जत्था भी साथ है। यह पवित्र छड़ी यात्रा 1 जनवरी को प्रयागराज महाकुम्भ पहुंचेगी, जहां विभिन्न स्थानों पर इस यात्रा का अखाड़ों के साधु संत और श्रद्धालु स्वागत करेंगे।

**आदि गुरु शंकराचार्य ने की थी छड़ी यात्रा की शुरूआत**

इस छड़ी यात्रा की शुरूआत के इस साल 1220 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस यात्रा की अगुवाई कर रहे आवाहन अखाड़े के श्री महंत गोपाल गिरी का कहना है कि आदिगुरू शंकराचार्य जी के नेतृत्व मे आज से 1220 वर्ष पूर्व अखाड़ा श्री शम्भू पंच दश नाम आवाहन नागा सन्यासी के 550 महात्माओं और श्री महन्त द्वारा भारत के सनातन धर्म के मन्दिरों का जीर्णोद्धार करने के लिए यह छड़ी यात्रा शुरू की गई थी। इस बार प्रयाग महाकुम्भ में अखाड़ा श्री शम्भू पंच दशनाम आवाहन नागा संन्यासी को 1478 वर्ष हो रहे हैं और 2025 में आवाहन अखाड़ा 123वां महाकुम्भ स्नान करने जा रहा है। उनके साथ यह पवित्र छड़ी भी स्नान करेगी। एक जनवरी 2025 से 27 फरवरी तक यह पवित्र छड़ी प्रयागराज महाकुम्भ में आवाहन अखाड़े के छावनी में दर्शन के लिए रखी जाएगी।



# शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए आमजन बरतें विशेष सावधानी : उपायुक्त

करनाल बीटू संधू



**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने आम नागरिकों से शीतलहर व सर्दी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की अपील की है। इन दिनों जिला में शीत लहर चल रही है। इसी के मद्देनजर सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन की ओर से विशेष एडवाइजरी जारी की हुई है। उपायुक्त ने कहा कि कि शीत लहर व सर्दी से बचने के लिए मौसम पूवार्नुमान के लिए रेडियो/टीवी/ समाचार पत्र आदि से जानकारी प्राप्त कर सकतें है। सर्दियों लिए पर्याप्त कपड़ों का स्टॉक करें। घर में ठंडी हवा के प्रवेश रोकने के लिए दरवाजों तथा खिड़कियों को ठीक से बंद रखें। फ्लू, नाक बहना/ भरी नाक या नाक बंद जैसी विभिन्न बीमारियों की संभावना आमतौर पर ठंड में लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होती हैं। इसलिए इस तरह के लक्षणों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें तथा स्थानीय स्वास्थ्य कर्मियों या डॉक्टर से परामर्श करें। जितना हो सके घर के अंदर रहें और ठंडी हवा, बारिश, बर्फ के संपर्क में आने से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। गर्म कपड़े पहनें ताकि ठंड बिल्कुल न लगे। तंग कपड़े खून के बहाव को रोकते हैं, इनसे बचें। खुद को सूखा रखें। शरीर की गरमाहट बनाए रखने के लिए सिर, गर्दन, हाथ और पैर की अंगुलियों को ढंककर रखें। गीले कपड़े तुरंत बदलें। हाथों में दस्ताने रखें। फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क का प्रयोग करें। सिर पर टोपी या मफलर पहने, स्वास्थ्य वर्धक भोजन लें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पर्याप्त रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पीएं, इससे ठंड से लड़े के लिए शरीर की गर्मी बनी रहेगी। बुजुर्ग लोगों, नवजात शिशुओं तथा बच्चों का विशेष ध्यान रखें। ऐसे पड़ोसी जो अकेले रहते हैं।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना या विस्तार के लिए दी जा रही 35 प्रतिशत सब्सिडी : उपायुक्त

करनाल बीटू संधू



**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की एक विशेष पहल, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत उद्यमियों को 35 प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत इच्छुक उद्यमी अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करना और उनके आर्थिक विकास में सहायक बनना है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म, और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। आवेदन के लिए उद्यमी को प्रमाण पत्र और पंजीकरण की आवश्यकता होगी। अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी पीएमएफएमई योजना के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए ऋण पूर्ति पर 35 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। अधिकतम सब्सिडी सीमा 10 लाख रुपये तक है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 1200 से अधिक इकाइयों को मंजूरी दी जा चुकी है। इच्छुक उद्यमी योजना की विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए।

# पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना तथा पीएम सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए हो रही है कारगर साबित: उत्तम सिंह

करनाल सुखविंदर सोही



**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। उपायुक्त ने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे 2 लाख रुपए के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि इन बीमा योजनाओं का प्रीमियम उपभोक्ता के बैंक या डाकघर खाते में से ऑटो डेबिट होता है तथा दावे की राशि संबंधित के बैंक खाते में सीधे जमा हो जाती है। इन योजनाओं में नामांकन करवाने के लिए अपने नजदीकी बैंक शाखा अथवा डाकघर से संपर्क करें। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं।

# तेजी से बढ़ रहा भाजपा का कुनबा, जिले में सदस्यता अभियान के तहत 2 लाख 70 हजार से ज्यादा सदस्य: विधायक जगमोहन आनंद

## करनाल शहर में भारतीय जनता पार्टी के 87 हजार सदस्य बने

करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कुनबा तेजी से बढ़ रहा है। जिले में भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत अब कुल 2 लाख 70 हजार सदस्य हो गए हैं। तेजी से लोग सदस्यता अभियान में सक्रियता दिखा रहे हैं। जो साफ दशार्ता है कि आमजन भाजपा की नीतियों से खुश हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तेज गति से विकास हो रहा है। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि करनाल शहर में भाजपा के 87 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। वहीं जिला में सक्रिय सदस्यों की बात करें तो 1600 से ज्यादा सक्रिय सदस्य हैं, तो निष्ठा से भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के पहले 18 मंडल थे जो अब बढ़कर 20 हो गए हैं।



**1 जनवरी से 7 जनवरी तक होंगे बूथ चुनाव**

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि 1 जनवरी से 7 जनवरी तक बूथ चुनाव की प्रक्रिया चलेगी, जिसमें बूथ अध्यक्ष बनाए जाएंगे। 7 जनवरी से 15 जनवरी तक मंडल के चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के संगठन में शक्ति है। इसी शक्ति की बदौलत पार्टी तेजी से विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा है जहां संगठन में छोटे से छोटे पद के लिए चुनाव प्रक्रिया अपनाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है, जो अपना संगठन ही नहीं बना पाई है।

**अत्योदय के भाव से बढ़ रही पार्टी**

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंत्योदय की भावना से आगे बढ़ रहे हैं और आमजन के लिए नई-नई योजनाएं बना रहे हैं। इन योजनाओं का जनता को सीधे लाभ मिल रहा।

# पूर्व मंत्री स्व. चौ. चंदा सिंह के कार्यों को लोग आज भी करते हैं याद : कुलदीप शर्मा

## विभिन्न राजनीतिक दलों के सैंकड़ों लोगों ने पूर्व मंत्री स्व. चौ. चंदा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, किया याद

करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** पूर्व मंत्री स्व. चौ. चंदा सिंह की 11वीं पुण्यतिथि पर विभिन्न राजनीतिक दलों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया गया। उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा ने कहा कि चौ. चंदा सिंह 36 बिरादरी के नेता था। उन्होंने अपना राजनीतिक सफर ग्रामीण राजनीति से शुरू किया। वह विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे। उन्होंने विधायक और पूर्व मंत्री के रूप में क्षेत्र के लोगों की सेवा की। इस अवसर पर उनके बेटे व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य ललित बुटाना सहित तमाम कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इससे पहले ललित बुटाना व अन्य कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं ने पूर्व मंत्री चौ. चंदा सिंह की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ में आहुति डाली और



उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर ललित बुटाना ने कहा कि उनके पिता स्व. चौ. चंदा सिंह समाज सेवा में हमेशा आगे रहते थे। आज भी लोग उनके द्वारा करवाए गए कार्यों को याद करते है। उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेकों विकास कार्य करवाएं, जिन्हें आज भी लोग याद करते है। वहीं कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने ने भी पूर्व मंत्री स्व. चौ. चंदा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री चौ. चंदा सिंह एक महान व्यक्ति थे। वे हर व्यक्ति के सुख-दुख में साथ खड़े होते थे और 36 बिरादरी के लोगों को साथ लेकर चलते थे। उन्होंने अपने हल्के में पूरी ईमानदारी के साथ काम किया और लोगों की सेवा की।

# उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में बैंकर्ज के साथ समीक्षा बैठक की

करनाल बीटू संधू



**करनाल।** जिला सचिवालय में मंगलवार को उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में बैंकर्ज के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें उपायुक्त ने बैंकर्ज से प्रगति रिपोर्ट ली व कुछ आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने बैंकर्ज से उनके टारगेट पूंछे व उनकी वर्तमान स्थिति जानी। उपायुक्त ने बैठक में कोटेक बैंक, एक्सेस बैंक, पीएनबी बैंक, उजीवन बैंक व एसबीआई बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनकी कार्य प्रणाली सही नहीं है। क्यों नहीं इनके खिलाफ एफडी से पत्राचार किया जाएं। उपायुक्त ने बताया कि विभिन्न बैंको के माध्यम से सरकार की कई योजनाओं के तहत ऋण उपलब्ध करवाया जाता है लेकिन देखने में आया है कि उपरोक्त बैंक इसमें उपभोक्ताओं को निश्चित समय अवधि में ऋण उपलब्ध नहीं करवा पा रहे। जिससे देश का विकास प्रभावित होता है व सरकार की छवि भी धूमिल होती है। उपायुक्त ने समीक्षा बैठक में उन बैंकर्ज के खिलाफ भी सख्ताई बरतनें के निर्देश दिए जो बैंकर्ज समीक्षा बैठक में उपस्थित नहीं रहे। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज यादव ने कहा कि जो बैंकर्ज ऋण दाताओं को ऋण उपलब्ध करवाने में जानबूझ कर देरी कर रहे है। सरकार की योजनाओं के तहत पात्र लोगों को ऋण की सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पा रहें उन पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में पहुंचे बैंक अधिकारियों की उपस्थिति भी जानी।

# नूतन वर्ष 2025 के आगमन पर नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने तमाम जिलावासियों के लिए शुभकामनाएं कर दी बधाई, संदेश में कहा कि न्यू ईअर को करें सेलीब्रेट, करनाल को देश का सबसे सुंदर व स्वच्छ शहर बनाएं।

करनाल बीटू संधू

**करनाल।** नगर आयुक्त व निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को नव वर्ष की पूर्व संध्या पर तमाम जिलावासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की है और नूतन वर्ष 2025 सबके लिए मंगलमय हो, इसकी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। निगमायुक्त ने कहा कि बीते वर्ष की तरह नववर्ष में भी शहरवासियों को कई परियोजनाओं के पूरा होने की सौगात मिलेगी, इसके लिए नगर निगम के प्रयास जारी हैं। इन परियोजनाओं में शहर का सौंदर्यकरण, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इनसे लोगों की जीवनशैली पहले से भी बेहतर होगी और अपने शहर से उनका जुड़ाव ओर मजबूत होगा। जारी एक संदेश में आयुक्त ने



नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा।

कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सबसे जरूरी है कि हमारे आस-पास का परिवेश साफ-सुथरा हो तथा किसी प्रकार की गंदगी ना हो। उन्होंने कहा कि करनाल ने पहले भी स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजो में राष्ट्द्रीय स्तर पर उल्लेखनीय रैंकिंग हासिल की है। हमारा प्रयास है कि इस बार के नतीजे पहले से अधिक बेहतर होकर सामने आएं, जिसमें करनाल देश के सबसे स्वच्छ शहरो की सूची में टॉप पर रहे। निगमायुक्त ने कहा कि नव वर्ष में सभी जिलावासी स्वस्थ रहें और जीवन के हर अच्छे मुकाम को हासिल करने के लिए आगे बढ़ें, यही कामना है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

## पात्र बालिकाएं 6 जनवरी 2025 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में करें आवेदन

करनाल बीटू संधू

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 6 जनवरी 2025 है। पात्र बालिकाएं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर विभाग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार आवेदन कर सकती हैं। उपायुक्त ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में प्रशंसनीय उपलब्धि हासिल करने वाली 18 वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें पुरस्कार के रूप में 11000 रुपए नगद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि खेल पुरस्कार की श्रेणी में किसी भी खेल में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाएं खेल एवं युवा विभाग के माध्यम से अनुशंसा के पश्चात आवेदन कर सकती हैं। इस श्रेणी में से पुरस्कार के लिए 20 बालिकाओं का चयन किया जाएगा। इसी प्रकार सांस्कृतिक पुरस्कारों की श्रेणी में राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित गीत, संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोक परम्पराओं का प्रदर्शन, कला, पेंटिंग और लेख आदि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं के आवेदन सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की अनुशंसा के साथ स्वीकार किए जाएंगे और इन में से 10 बालिकाओं का चयन किया जाएगा। सामाजिक कार्य की श्रेणी में सामाजिक मुद्दों, शिक्षा, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य मुद्दों आदि पर जागरूकता पैदा करने में अनुकरणीय उपलब्धि हासिल करने वाली बालिकाओं तथा मीडिया और साहित्य के क्षेत्र में मीडिया में अन।

## एमएसपी पर गुमराह करने से बाज आए मुख्यमंत्री: रतनमान

# टोहाना किसान महापंचायत को लेकर तीन जिलों के कार्यकताओं की लगाई ड्यूटी

करनाल सुखविंदर सोही



**करनाल।** अगर समय रहते केंद्र सरकार ने किसानों की लंबित मांगों का समाधान नही किया गया तो सरकार को गं5ीर परिणाम भूगतने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। भाजपा सरकार किसानों की लगातार अनदेखी कर रही है। इसलिए मजबूरीवंश देशभर के किसान आंदोलन करने के लिए मजबूर हो रहे है। स्थानीय दीनबंधू सर छोटूराम किसान भवन में आयोजित किसान महापंचायत में सरकार को चेतावनी देते हुए भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने उ1त वा1य कहे। किसान पंचायत के बीच में कई बार उपस्थित किसानों ने सरकार विरोधी नारेबाजी कर अपनी आवाज को बुलंद्व किया। किसान नेता रतनमान ने २४ फसलों को एमएसपी पर खरीद करने के दावे को नकारते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री किसानों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुमराह करने की बजाय मु2यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपनी केंद्र की सरकार से एमएसपी खरीद गारंटी के कानून का पत्र लाना चाहिए। उसके बाद ही मु2यमंत्री का दावा सच साबित होगा। किसानों ने एक स्वर में कहा कि टोहाना की किसान महापंचायत यह जता देगी कि हरियाणा में किसान आंदोलन जारी है। किसान नेता रतन मान ने आने वाली ४ जनवरी को टोहाना में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से आयोजित की जा रही किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए उपस्थित कार्यकताओं को जि6मेंदारी सौंपी। इस मौके पर उतरी हरियाणा प्रभारी महताब कादियान, राष्ट्रीय उपप्रधान सेवा सिंह आर्य, प्रवक्ता सुरेंद्र सागवान, प्रदेश संगठन सचिव शाम सिंह मान, चैयरमेन यशपाल राणा, जिला महासचिव सुरेंद्र बैनीवाल व जिला सचिव राजकुमार नोतना, पानीपत से जयकरण कादियान, किसान नेता बाबूराम डाबरथला विशेष तौर पर मौजूद रहे। बैठक में वयोव?

# नए साल में प्रदेश को बनाएंगे ग्रीन हरियाणा क्लीन हरियाणा

## प्रदूषण फैलाने वालों से सख्ती से निपटेंगे

### हवा को प्रदूषण रहित बनाने के लिए चलाएंगे जनजागरण अभियान

करनाल सुखविंदर सोही



**करनाल।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग हरियाणा के अध्यक्ष अशोक काम्बोज ने नए साल की प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहार कि नए साल मतें हरियाणा प्रदेश को ग्रीन हरियाणा क्लीन हरियाणा बनाएंगे। उन्होंने कहा कि नए साल में प्रदूषण मुक्त करने के लिए खेत से लेकर कारखानों तक अभियान चलाएंगे। उनेंने कहा कि हरियाणा में हरित क्षेत्र कम होता जा रहा है। इसे रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिल कर अपने जन्म दिन पर अपने बुजुर्गों की याद में एक पेड़ जरूर लगाएं । रदूषण से जो हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को नुकसान हो रहा है उसे हर संभव प्रयास करके बढ़ाने का प्रयास करेंगे ताकि हर जीव जंतु खुली हवा में में सांस ले सके श्री अशोक अंबुज अन्य को सामाजिक संस्थाओं में रहते हुए समाज के हित में कार्य कर चुके हैं उन्हीं के द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए आज उन्हें जिम्मेदारी दी गई है ताकि वे पूर्व की भांति जैसे अन्य जिम्मेदारियां का निर्वाह किया है उक्त जिम्मेदारी का भी निर्वाह करेंगे और शुद्ध पर्यावरण सुरक्षित पर्यावरण के मुहिम को सफल बनाने के लिए प्रयास करेंगे तथा समय-समय पर सरकार एवं आयोग की तरफ से मिलने वाले दिशा निदेर्शों का पालन करते हुए जनहित में कार्य करेंगेकेंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग हरियाणा का अध्यक्ष अशोक कंबोज ने बताया कि जल्द ही प्रदेश भर में जैविक खाद के प्रयोग के साथ पराली को जलाने के खिलाफ प्रदेश भर में जन जागरण अभियान चलाएंगे। उन्होंनें कहा कि कि जिस तरह से हरियाणा और पंजाब में अंधाधुंध कीटनाशकों के प्रयोग से जमीन जहरीली हो रहे।

# उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिलावासियों को दी नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं



करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** उत्तम सिंह ने नव वर्ष 2025 की जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि नव वर्ष सभी नागरिकों के लिए उमंग और खुशियों से भरा हो। नया साल सब लोगों के लिए उमंग और आशा से भरा होने के साथ-साथ न्यायपूर्ण और सौहार्दपूर्ण हो। करनाल जिला तरक्की के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता रहें, इस कार्य में जनता का सहयोग जरूरी है। उपायुक्त ने कहा कि करनाल जिला विकास के मामले में अग्रणी जिलों में शुमार है। हरियाणा सरकार की ओर से पिछले दस वर्षो में नए-नए प्रोजेक्ट मिलें है जिसकी बदौलत करनाल प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं को पात्र लोगों तक पहुंचाने में सरकार और प्रशासन पूरी तरह से सजग है। इसलिए ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। यही कारण है कि प्रदेश में डिजिटल क्रांति के नए युग का सूत्रपात हुआ है। घर बैठे लोगों को ऑनलाईन सुविधाएं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यहां की सभी धार्मिक एवं समाजसेवी संस्थाओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने हर मामले में जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग दिया हैं। इसके लिए करनाल जिला प्रशासन सभी नागरिकों का आभारी है।

CMYK

# मंत्री की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न



**पटना।** पटना स्थित अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय के सभा कक्ष में श्री जनक राम, माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, की अध्यक्षता में राज्य के सभी क्षेत्रीय उपनिदेशक, सभी जिला अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण पदाधिकारी, जिला समन्वयक (विकास मित्र) के साथ विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए समन्वित प्रयास सुनिश्चित करना था। मंत्री जनक राम ने बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्थान और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। बैठक में विभागीय योजनाओं जैसे आवासीय विद्यालय,छात्रावास, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत मामले, प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र एवं बिहार महादलित विकास मिशन द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। माननीय मंत्री ने अधिकारियों एवं विकास मित्रों के जिला समन्वयकों को संबोधित करते हुए निर्देश दिया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के वैसे बच्चे जिनका जन्म प्रमाणपत्र एवं आधार पंजीकरण नहीं हो पाया है, उनका शत प्रतिशत निबंधन करवाना सुनिश्चित करें। माननीय मंत्री ने विशेष रूप से विकास मित्रों (जिला समन्वयकों) की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि वे क्षेत्रीय स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाएं और जनता की समस्याओं का समाधान तत्परता से करें। इस अवसर पर दिवेश सेहरा, सचिव, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, गौतम पासवान, अपर सचिव , मनोज कुमार रजक, मंत्री के आप्त सचिव सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## पश्चिम चम्पारण जिलेवासियों, जनप्रतिनिधियों ,प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों को नववर्ष की ढ़ेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)



**बेतिया।** आप सभी के सहयोग से हमारा जिला निरंतर विकास के पथ पर तीव्र गति से अग्रसर है। गत वर्षों में तमाम निर्वाचन, पर्व-त्यौहार, वरीय पदाधिकारियों/माननीय जनप्रतिनिधिगण का जिला भ्रमण आदि अत्यंत शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इसके लिए पुनः आप सभी को तहेदिल से धन्यवाद। जिले में विधि-व्यवस्था संधारण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधि-व्यवस्था संधारण के निमित जिला प्रशासन पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर तरीके से कार्य कर रही है। विगत वर्ष में विभिन्न पर्व त्यौहार जैसे होली, दिवाली, छठ, ईद, बकरीद इत्यादि शांतिपूर्ण तरीके से बिना विधि-व्यवस्था की समस्या के आपसी भाई-चारे के संदेश के साथ सम्पन्न हुआ। इसके लिए मैं जिलावासियों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। आइये, हम सभी यह प्रण लें कि पश्चिम चम्पारण जिले को और अधिक तीव्र गति से विकास के पथ पर अग्रसर करेंगे। मैं एक बार पुनः आप सभी जिलावासियों को, जिला के कर्मी / पदाधिकारियों को नव वर्ष की असीम शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

# किसानों को प्राइवेट खाद्य विक्रेता अपनी मनमर्जी से दे रहे खाद

■ उरई




कुठौंद ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सहकारी समितियो पर सचिव के द्वारा यूरिया खाद 280 से 290 रुपए प्रति बोरी खुलेआम बैची जा रही है एवं प्राइवेट खाद्य विक्रेता किसानों से यूरिया एवं डीएपी पर खुलेआम अधिक पैसे वसूल रहे हैं किसानो के द्वारा बताया गया कि मदारीपुर के प्राइवेट खाद्य दुकानदारों के द्वारा यूरिया खाद चार सौ रुपए के रेट से खुले आम बेची जा रही हैं किसानों ने यह भी बताया कि जिले के जिम्मेदार अधिकारी सरकारी समितियो में खाद ना भेज कर प्राइवेट दुकानदारों को खाद दी जा रही है क्योंकि प्राइवेट दुकानदारों के पास हमेशा खाद उपलब्ध रहती है और सहकारी समितियो में खाद नहीं मिल रही है इससे यह साबित होता है कि सरकारी समितियो में खाद न भेज कर प्राइवेट दुकानदारों से अपना सुविधा शुल्क वसूल कर खाद दी जा रही है खाद पर हो रही मारामारी से किसानो की जेब पर जिस तरीके से खुले आम डाका डाला जा रहा है और खुलेआम अधिक रेट पर किसानों को खाद दी जा रही है जबकि समाचार पत्रों के माध्यम से लगातार अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है कि जिस तरह से गरीब किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है लेकिन आज दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है अधिकारियों के संज्ञान में होते हुए भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है लेकिन सरकार में रहते हुए सरकार के ही जिम्मेदार अधिकारी भ्रष्टाचार फैलाए हुए है।जबकि केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से किसानों को अनुदानित दर पर खाद बीज के अलावा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई-नई योजनाएं चलायी जा रही हैं, लेकिन ब्लॉक कुठौंद के प्राइवेट खाद विक्रेता बेखौफ होकर अपनी मनमानी कर रहे हैं और कृषि विभाग मुकदर्शक बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### परिवार परामर्श टीम के सहयोग से 06 परिवारों के समझौते करा कर बिखरने से बचाया गया

उरई।महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिगं की गयी । जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़ों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

### बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु किया जागरूक

उरई।मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

### आरक्षी भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक परीक्षण

उरई।पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के साथ पुलिस लाइन उरई में आयोजित उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 के अभ्यर्थियों के अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) को सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत भ्रमण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

### छोटी माता मंदिर के पुजारी कल्लू महंत का निधन

**जालौन-उरई** । छोटी माता मंदिर के पुजारी कल्लू महंत (72) का लंबी बीमारी के चलते रविवार को निधन हो गया। भवानीराम निवासी कल्लू महंत बीते लगभग 55 सालों से वह निरंतर मंदिर में पूजा अर्चना का कार्य करते रहे। अपने अंतिम समय तक वह मंदिर में सेवा करते रहे। रविवार की सुबह उनकी अचानक तबियत खराब हो गई। डॉक्टरों ने उन्हें ग्वालियर ले जाने की सलाह दी। लेकिन ग्वालियर पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनका देहांत हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने उनके घर पहुंचकर उन्हें श्रृद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार सोमवार की सुबह 10 बजे होगा।

### एसीएमओ ने सीएचसी का निरीक्षण कर व्यवस्था परखी

**कालपी-उरई** । सोमवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीरेंद्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी के समस्त वार्डों तथा कक्षों का निरीक्षण करके रोगियों का तत्परता से उपचार करने के लिये डॉक्टरों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

जिला मुख्यालय से प्रात: 11 वजे अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पहुंचे।दो घंटे के औचक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठंडक के मौसम में रोगों को देखते हुए ओपीडी तथा वार्ड में भर्ती मरीजों के हालचाल को जाना व रोगियों को बेहतर उपचार सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला व लैब के निरीक्षण के दौरान कहा कि जांचों के लिए मरीजो को परेशान नही किया जाये। सभी मरीजो की सीएचसी परिसर में ही जांच कराई जाए। कोल्ड चैन में वैक्सीन दवाइयों के रखरखाव की स्थिति को देखा। अपर सीएमओ ने औषधि भंडारण कक्ष तथा औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण करके अभिलेखों से दवाइयों का मिलान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शीतकालीन मौसम की वजह से दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रहना चाहिए। एक्स-रे मशीन कक्ष, आक्सीजन की उपलब्धता,प्रसव कक्ष का घूम-घूम कर निरीक्षण कर जायजा लिया।इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता,चिकित्साधिकारी डा विशाल सचान,डॉ. शेख शहरयार, डॉ. गोपाल जी द्विवेदी, चीफ़ फार्मेसिस्ट वीरेंद्र कुमार आदि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सम्बन्धी सूचनाये समय-समय पर निर्धारित अवधि में पहुंचाये इसमें किसी भी तरह की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विनोद कुमार, रामसजीवन गुप्ता, ममता, किरन राठौर, मोहिनी त्रिपाठी से अपर चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने कहा कि जो छोटी मोटी कमियां पाई गई हैं उन्हें जल्द से जल्द ठीक किया जाए तथा परिसर में स्वच्छता बनाये रखने पर भी जोर दिया गया।

# मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी के साथ कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया,दिये जरूरी निर्देश

■ उरई



मण्डलायुक्त झाँसी मण्डल झाँसी/नोडल अधिकारी विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के साथ अपने जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत जालौन कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौशाला पहुंचते ही मंडलायुक्त ने बड़े ही स्नेहपूर्वक गौवंशों को दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि गौशाला में गौवंशों के लिए पानी, भूसा, हरा चारा और अन्य खाद्य पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रहे। उन्होंने गौशाला की साफ-सफाई व्यवस्था देखकर संतोष व्यक्त किया और इसे बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशाला में नियमित रूप से सफाई होनी चाहिए ताकि गौवंश स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण में रह सकें। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि पशु चिकित्सक समय-समय पर गौवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करें, यदि किसी गौवंश की तबीयत खराब हो, तो इसकी तुरंत सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी को दी जाए और आवश्यक उपचार की व्यवस्था की जाए। गौशाला में लगे भूसा घर, चरही और मुख्य द्वार पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों से गौशाला की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्यवाही की जा सकेगी। गौशाला में भूसे के स्टॉक और उसके रखरखाव का भी मंडलायुक्त ने निरीक्षण किया। गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसे का स्टॉक मिला। मंडलायुक्त ने सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए गौवंशों के लिए विशेष प्रबंध करने के निर्देश दिए। गौशाला में गौवंशों को ठंड से बचाने के लिए त्रिपाल, कंबल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित मिली। उन्होंने कहा कि गौवंशों की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौशाला का संचालन पारदर्शिता और ईमानदारी से किया जाए।इसके उपरांत केचवा पालन व गोबर गैस प्लांट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# ई-रिक्शा सहित शातिर चोर गिरफ्तार

**24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण**




■ उरई

थाना कदौरा पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 01 शातिर चोर को चोरी के एक अदद ई रिक्शा एवं 01 मोटरसाइकिल व अवैध असलाहा के साथ गिरफ्तार किया गया ।

जानकारी में सीओ कालपी द्वारा बताया गया कि राधेश्याम निवासी कदोरा द्वारा तहरीर दी गयी कि उस का ई - रिक्शा अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया, जिस पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी गयी, जब आज पुलिस अपराधियों की धरपकड़ के लिये अभियान चला रहीं थी, तभी पुलिस ने चोरी के ई रिक्शा के साथ गोविन्द पुत्र खीरबई दीन निवासी धोबी पुरा कदोरा को गिरफ्तार कर लिया, उस के कब्जे से पुलिस ने एक बाईक, चोरी की एवं तमँचा तथा द्धजिंदा कारतूस बरामद कर अभियुक्त को जेल भेज दिया।

# मानव कल्याण समाज सेवा संस्थान ने बांटे कम्बल

**कालपी-उरई।** हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी माता सावित्री बाई फुले की याद में आज माँ गायत्री विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालपी में मानव कल्याण समाज सेवा संस्थान के तत्वाधान में गरीब विकलांग, विधवा और वृद्ध लोगों को कम्बल बांटे गए करीब दो सैकड़ा लोगों को एक एक करके कम्बल ओढाये गए। निराश्रित लोग कम्बल पाकर खुशी से उछल पड़े। लोगों ने गदगद होकर संस्था के लोगों को आये हुए जन प्रतिनिधियों एवं स्थानीय प्रशासन को खूब जमकर सराहा।

इस मौक़े पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम एल सी जालौन झासी ललित पुर रमा आर पी निरंजन ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी बिना छत के न रहे और कोई ठंड से न मरे इसी उद्देश्य से हर निराश्रित को कम्बल पहुंचाने का काम किया जा रहा है मानव सेवा ही सच्चे अर्थों में माधव सेवा है इसीलिए आत्मा में परमात्मा का ज्ञान करते हुए हर जरूरत मंद की मदद होनी चाहिए जो हमारी भाजपा की सरकार कर रही है सरकार किसी के साथ भेद भाव नहीं कर रही कुछ लोग गुमराह करते हैं परंतु तय हमें करना है कि हमें किसी की बातो में गुमराह नहीं होना सबका साथ सबका विकास की सोच रखने वाली भाजपा सरकार के साथ रहना है।

इसके पूर्व उप जिलाधिकारी कालपी सुशील कुमार सिंह ने कहा कि ठंड को देखते हुए सरकार हर वर्ष शेल्टर होम की व्यवस्था करती है इस वर्ष भी स्थाई और अस्थाई शेल्टर होम बनाए गए हैं जो लोग भी ठंड में खुले में रह रहे हो वे लोग शेल्टर होम में रहें इसके अलावा भी जो मदद हमारे करने लायक होगी आप मिले समस्या बताए हम हर संभव मदद करेंगे। इस मौक़े भाजपा पिछडा मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरज बाथम, विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष मनीष महाराज, अमरदीप पांडे, अंकित ठाकुर,राठौर समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद राठौर, हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय नेता नीलाभ शुक्ला, बजरंग दल के दीपक शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया।

# एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के प्रति दिलचस्पी नहीं दिखा रहे उपभोक्ता

**कालपी-उरई** । विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा तमाम प्रकार के जागरूकता अभियान के वावजूद बकायेदार उपभोक्ता विभाग की चलाई जा रही एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के प्रति दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। 15 दिन बीत जाने के बाद मात्र 10 फीसदी उपभोक्ताओं के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि विद्युत उपखंड क्षेत्र कालपी में बाकायदा उपभोक्तों की संख्या बहुत ही अधिक है 13 000 बकायदार उपभोक्ताओं के पंजीयन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था यह योजना 1512.2024 से शुरू की गई थी लेकिन 15 दिन गुजर जाने के बाद मात्र 1000 उपभोक्ताओं के द्वारा ओटीएस योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कराया गया है विद्युत उपखंड क्षेत्र कालपी में चार सब स्टेशन आते हैं।जिनमें महेवा सब स्टेशन, नियामतपुर सब स्टेशन, उसरगांव लंगरपुर सब स्टेशन तथा कालपी विद्युत सबस्टेशन शामिल है। उपखंड अधिकारी ने बताया कि ओटीएस योजना के अंतर्गत पंजीकरण करने वाले बकायदार उपभोक्ताओं को 30 सितंबर 2024 तक के विद्युत बिलों में समस्त व्याज को माफ़ कर दिया जायेगा।

ज्ञत हो कि बीते दिनों अवर अभियंता जितेंद्र सिंह, टीजीटू अभिषेक कुमार के साथ उपखंड अधिकारी आदर्श राजके नेतृत्व जागरुकता रैली निकाली गई थी। उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए उपखंड अधिकारी ने बताया कि ओटीएस योजना 15-12-24 से लागू हो चुकी हैं, बकायेदार उपभोक्ता जितनी जल्दी पंजीकरण करायेंगे सरचार्ज में उपभोक्ताओं को उतना अधिक सरचार्ज मिलेगा। योजना में घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान एवं औद्योगिक श्रेणी के समस्त भार के उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है। योजना के लिए जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर लाभ लें। इस मौके पर लाइनमैन दिलीप कुमार, रिंकू पोरवाल, अजय कुमार निगम, फहमीद खान, सीताराम, लल्लन, संतोष कुमार, साबिर खान, कोमल आदि विभागीय कर्मचारियों तथा जगह-जगह उपभोक्ताओं को घूम-घूम कर जागरूक करने में जुटे हैं।

# छठी माता मंदिर तक संपर्क मार्ग उरई-जालौन फोरलेन से जुड़ने के लिए रपटा निर्माण की मांग

**जालौन-उरई।** उरई रोड स्थित बंबा से छठी माता मंदिर तक संपर्क मार्ग उरई जालौन फोरलेन से जुड़ने के लिए रपटा नहीं बना है। जिससे मोहल्ले के लोगों और भक्तों को आने जाने में परेशानी होती है। पीड़ित मोहल्ले के लोगों ने डीएम से इस रास्ते पर रपटा बनवाने की मांग डीएम से की है।

उरई रोड पर बंबा के बगल से छठी माता मंदिर तक संपर्क मार्ग है। इसी मार्ग पर मोहल्ला नया भवानीराम में कुछ लोगों के मकान होने के साथ ही नहर कोठी भी स्थित है। उरई जालौन फोरलेन से जुड़े इस संपर्क पर फोरलेन से पर चढ़ने व उतरने के लिए रपटा नहीं बना है। फोरलेन पर चढ़ने व उतरने के लिए लगभग एक फीट की ऊंचाई है। ऐसे में मंदिर पर जाने वाले भक्तों को दिक्कत होती है। इस मोहल्ले में रहने वाले लोगों को भी प्रतिदिन यहां चढ़ना उतरना होता है।

बाइक अथवा कार से इस मार्ग पर चढ़ने व उतरने में उन्हें परेशान होना पड़ता है। नीचे का हिस्सा सड़क से टकराने का डर बना रहता है। मोहल्ले के भोले कुमार, मंजूलता, रामश्री, गंगावती, उदय सिंह, मुबीना आदि ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि इस संपर्क मार्ग को फोर लेन से जोड़ने के लिए रपटा निर्माण करा दिया जाए। ताकि लोगों को मंदिर पहुंचने और अन्य कार्यों के लिए परेशान न होना पड़े।

# प्रशासन ने झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों में बांटे कंबल



■ कोंच

गलन भरी सर्दी से लोग परेशान हो उठे हैं।उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह और प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल ने इंडस्ट्रीयल एरिया में जाकर करीब 25 लोगों को कंबल बांटे। एसडीएम ने कहा कि सर्दी से बचाने के लिए शासन द्वारा प्रदत्त कंबल हर जरुरतमंद को दिया जाएगा। इस दौरान सदर लेखपाल अखिलेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।वही कंबल पाकर झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोग खुश दिखे।

## समाजसेवी ने जरूरतमंदो को बांटे कंबल

**कोंच।** मियांगंज स्थित रॉयल फिटनेस क्लब पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने जरुरतमंदों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल वितरित किए। हाजी मुहम्मद अहमद सहित मुहम्मद उस्मान राईन, विशाल अहमद, अनीस राईन ने विधायक सहित अध्यक्षता कर रहे प्रो.वीरेंद्र सिंह सहित अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।कंबल वितरण कार्यक्रम का संचालन लाल प्रताप निरंजन ने किया।उपस्थित आतिथियो का आभार हाजी मुहम्मद अहमद ने व्यक्त किया।

इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार राय,दरिद्र नारायण सेवा समिति के संयोजक एड.,लाल प्रताप निरंजन, प्रियाशरण नगाइच, गजराज सिंह सेंगर, रामकिशोर ललिया,मिया आरिफ अली शाह, प्रमोद कुमार शुक्ला, सुरेन्द्र अग्रवाल, आनंद दुवे, मूलचंद पांचाल, कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी,सभासद दंगल यादव, अनिल पटैरिया, अखिल वैद, प्रभुदयाल गौतम, शंभूदयाल स्वर्णकार, अनवर



कढोरेलाल यादव बाबू जी, चौधरी श्यामसुंदर,शहर काजी बशीरउद्दीन,कांग्रेस नेता सिद्धार्थ दीबौलिया,सपा नेता अनिल वैद मंसूरी, महावीर यादव,आशू चतुर्वेदी,हिलाल अहमद,प्रधव मिश्रा,प्रभुदयाल गौतम,रवि विरगुवां, आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुणे के पास रेलवे ट्रैक उड़ाने की साजिश




**पुणे ।** नए साल के जश्न से पहले देश में एक बड़ी साजिश को अंजाम देने की कोशिश नाकाम हो गई है। पुणे के उरुली से हैरान करने वाला मामला सामने आ रहा है। रविवार की रात रेलवे ट्रैक पर एक गैस से भरा सिलेंडर मिला है। लोको पायलट की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। वहीं पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दरअसल यह मामला रविवार की रात 11:30 बजे का है। उरुली कंचल के रेलवे ट्रैक पर गैस से भरा सिलेंडर रखा गया था। मगर लोको पायलट शरद वाल्के ने निरीक्षण के दौरान इस साजिश को नाकाम कर दिया। शरद ने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी और सभी ने मौके का दौरा करते हुए मामले पर संज्ञान लिया है।

### श्रीनगर की डल झील जमकर बनी मैदान



**श्रीनगर ।** बर्फबारी ने कश्मीर को वंडरलैंड में बदल दिया है। ऐसे में डल झील के अंदरूनी हिस्से इस सर्दी में कंटेंट क्रिएटर्स और पर्यटकों के लिए हब बन गए हैं। डल झील अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर है और बर्फबारी के दौरान इसके अंदरूनी हिस्से और भी खूबसूरत हो जाते हैं, जिससे कंटेंट क्रिएटर्स, फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर और पर्यटक तस्वीरें और वीडियो बनाने के लिए आकर्षित होते हैं। प्रभासाक्षी से बात करते हुए, कंटेंट क्रिएटर्स ने कहा कि वे बर्फबारी का इंतजार कर रहे थे ताकि वे डल झील के अंदरूनी हिस्सों के बीच में तस्वीरें और वीडियो बना सकें, जो जादुई लगता है। पंजाबी गायक दलजीत दोसांझ के यहां आने और इंस्टाग्राम पर रील शेयर करने के बाद डल इंटीरियर मशहूर हो गया है।

### मातम में बदल गई शादी की खुशी



**अदीस अबाबा ।** अफ्रीकी देश इथोपिया में रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक ट्रक पुल से नीचे नदी में जा गिरा। इस हादसे में 71 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 68 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं। वहीं, पांच लोगों की हालत गंभीर है और उनका बोना जनरल अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह दुर्घटना बोना जिले में हुई। 64 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ट्रक में सवार सभी लोग एक शादी समारोह में जा रहे थे। ट्रक जर्जर स्थिति में था। पुल पार करते समय ट्रक ने संतुलन खो दिया और नदी में जा गिरा। दुर्घटना रविवार को स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 5:30 बजे हुई। पुल पर कई बार हो चुके हैं हादसे घटनास्थल पर मौजूद कई लोगों ने बताया कि इस पुल पर कई सड़क हादसे हो चुके हैं। सड़क की स्थिति बेहद खराब है।

### इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि यह मिशन अगले साल के लिए नियोजित कई मिशनों में से एक है

# जनवरी 2025 में एनवीएस-02 उपग्रह लॉन्च करेगा इसरो

एजेंसी, श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जनवरी 2025 में एनवीएस-02 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) पर लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि यह मिशन अगले साल के लिए नियोजित कई मिशनों में से एक है। पीएसएलवी-सी60 के सफल प्रक्षेपण के बाद सोमनाथ ने यह घोषणा की, जिसमें स्पैडेक्स और अन्य पेलोड को ले जाया गया है। इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि 29 मई, 2023 को जीएसएलवी-



एफ12 रॉकेट ने एनवीएस-01 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। उन्होंने बताया कि एनवीएस-01 उपग्रह में एक स्वदेशी परमाणु घड़ी है, जो नैविगेशन विद इंडियन कॉन्स्टेलेशन (एनएवीआईसी) की क्षमताओं को बढ़ाती है। इसमें व्यापक सेवा कवरेज के लिए एल1 बैंड सिग्नल शामिल है। उन्होंने कहा कि एनवीएस-02 मिशन इस प्रगति को जारी रखने की उम्मीद है, जो उन्नत सुविधाओं के साथ एनएवीआईसी प्रणाली को और मजबूत करेगा। इस मौके पर इसरो प्रमुख ने चंद्रयान-4 मिशन के बारे में भी जानकारी दी, जिसमें विभिन्न मॉड्यूल शामिल हैं, जिन्हें अलग-अलग समय पर लॉन्च किया जाएगा और दो अलग-अलग मॉड्यूल में एकीकृत किया जाएगा।

#### अंतिम डॉकिंग 7 जनवरी तक पूरी होने की उम्मीद

इसरो प्रमुख ने बताया कि चंद्रयान-4 का लक्ष्य चंद्रमा पर उतरना और सफलतापूर्वक वापस आना है। उन्होंने बताया कि अंतिम डॉकिंग प्रक्रिया 7 जनवरी 2025 के आसपास पूरी होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा, 'यह चंद्रयान-4 के लिए परीक्षण स्थल है। डॉकिंग कल शुरू होगी और कई प्रक्रियाएं होंगी, लेकिन अंतिम डॉकिंग संभवतः 7 जनवरी तक होगी।'

### वेनेजुएला ने टिकटॉक पर लगाया एक करोड़ डॉलर का जुर्माना

**कराकास ।** सोशल मीडिया एप टिकटॉक की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। भारत समेत दुनिया के कई देश इस एप को प्रतिबंधित कर चुके हैं और अमेरिका में भी इस पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी है। अब दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला ने भी टिकटॉक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। यह जुर्माना टिकटॉक पर चल रहे एक ऑनलाइन चैलेंज में तीन किशोरों की मौत के बाद लगाया गया है। वेनेजुएला के सुप्रीम ट्रिब्यूनल ऑफ जस्टिस की जज तानिया डी एमेलियो ने कहा कि लोकप्रिय वीडियो शेयरिंग एप टिकटॉक द्वारा खतरनाक कंटेंट को रोकने के लिए पर्याप्त और जरूरी कदम नहीं उठाए हैं और इसमें लापरवाही बरती।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी विश्व शांति के लिए उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

### मुरादाबाद में मिला शिवलिंग, मंदिर की खुदाई में आया सामने

**मुरादाबाद ।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में बीते 44 सालों से बंद गौरी शंकर मंदिर में खुदाई की गई है। इस खुदाई में एक शिवलिंग भी जमीन के नीचे से मिला है। संभल, वाराणसी और बुलंदशहर के बाद अब ये खुदाई मुरादाबाद में की गई है। खुदाई की जिम्मेदारी नगर निगम टीम को सौंपी गई थी। नगर निगम की टीम ने जब खुदाई की तो उन्हें जमीन के अंदर से शिवलिंग मिला। मंदिर के नीचे मलबे में से शिवलिंग समेत कई पुरानी और टूटी हुई मूर्तियां भी मिली है। इन सभी मूर्तियों को बाहर निकाल लिया गया है और उनकी साफ सफाई की जा रही है। मंदिर की साफ सफाई में करवाई जा रही है जिसके बाद यहां मूर्ति स्थापना की जाएगी।

## नीतीश को लेकर कांग्रेस की बेचैनी




कांग्रेस के अफवाहबाज नीतीश कुमार के पलटी मारने के बाद मोदी की सरकार गिरने की भविष्यवाणियां भी कर रहे हैं।



अजय सेतिया की कलम से

जब से महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है, तबसे बिहार की राजनीति में खुसुर फुसुर चल रही है। 'आज तक' के एक कार्यक्रम में अमित शाह से महाराष्ट्र का उदाहरण देकर बिहार के अगले मुख्यमंत्री पर सवाल किया गया। अब कोई कैसे अपनी भविष्य की रणनीति बता सकता है, जबकि सबको पता है कि बिहार में होगा वही, जो महाराष्ट्र में हुआ है। अमित शाह से जिस जवाब की अपेक्षा थी, उन्होंने वही जवाब दिया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार और उनकी पार्टी और भाजपा का संसदीय बोर्ड बैठ कर तय करेगा। साथ में उन्होंने यह भी कहा था कि वह मीडिया की हेडलाइन के लिए वह अपनी रणनीति पर चर्चा नहीं करेंगे। तब से कांग्रेस के अफवाहबाज नीतीश कुमार के फिर से पलटी मारने की भविष्यवाणियां कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि यह सवाल प्रायोजित था। इतना ही नहीं, कांग्रेस के अफवाहबाज नीतीश कुमार के पलटी मारने के बाद मोदी की सरकार गिरने की भविष्यवाणियां भी कर रहे हैं। नीतीश कुमार से सवाल पूछा गया तो उन्होंने भी कह दिया कि चुनाव के बाद संसदीय बोर्ड तय करेगा। जवाब दोनों तरफ से एक सा है, लेकिन अफवाहबाज बाज नहीं आ रहे। अफवाहें कैसे बनाई जाती हैं, उसका उदाहरण देता हूं। तेजस्वी यादव ने बयान दिया कि नीतीश कुमार के लिए वापसी के लिए दरवाजे बंद हैं तो अफवाहबाजों ने नई अफवाह उड़ाई कि अमित शाह भी यही कहा करते थे। मनमोहन सिंह के निधन के कारण नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा स्थगित की तो उसके भी कई मतलब निकाले गए। जबकि, राजकीय शोक समाप्त होने के बाद 4 जनवरी से वह फिर यात्रा शुरू करने वाले हैं। फिर 29 दिसंबर को सुबह जब नीतीश कुमार अचानक दिल्ली पहुंचे तो अफवाहबाजों को फिर मसाला मिल गया कि वह भाजपा के साथ दो टूक बात करने दिल्ली आए हैं। जबकि, वह मनमोहन सिंह के परिजनों से मुलाकात करने के लिए दिल्ली आए थे। अब दिल्ली आएंगे तो उनकी भाजपा नेताओं से मुलाकात होनी ही थी। उनकी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात हुई, लेकिन उससे पहले जब वह मनमोहन सिंह के घर गए तो उनकी वहां कांग्रेस के एक नेता से उनकी मुलाकात हो गई थी। जिसने बिहार में अफवाहें तेज हो गई कि नीतीश कुमार की इंडी गठबंधन से बात चल रही है। एक न्यूज वेबसाइट ने जो पहले निष्पक्ष हुआ करती थी, उसने आजकल अपना यूट्यूब सक्रिय किया है। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले वह यूट्यूब और वेबसाइट कांग्रेस और केजरीवाल की भोंपू हो गई है। उसने वीडियो बनाई, जिसका शीर्षक दिया- "नीतीश कुमार मनमोहन सिंह के घर पहुंचे, मोदी शाह के पसीने छूटे, आज की रात कयामत की रात"। कैसी वाहियात पत्रकारिता है। 29 दिसंबर की रात को कौन सी कयामत आई। 30 दिसंबर को कौन सी कयामत आई। नीतीश कुमार की जेपी नड्डा से मुलाक़ात हुई। अब यहां से राजनीति का असली टर्निंग प्वाइंट है। मोदी ने आरिफ मोहम्मद खान को कोई यों ही बिहार नहीं भेजा है। वह मुसलमान कम भारतीय ज्यादा हैं। लेकिन, उनकी मुस्लिम उलेमाओं में गहरी पैठ है, क्योंकि वह किसी भी उलेमा से ज्यादा कुरआन और हदीसों के विद्वान हैं। बिहार के चुनाव तो अभी 11 महीने दूर है। इस बीच, वह बिहार के मुसलमानों में मोदी की छवि बेहतर बनाने की भूमिका निभाएंगे। इसमें कोई शक नहीं है कि बिहार में पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग नीतीश कुमार का समर्थक है। अगर उन्हीं की रहनुमाई में चुनाव होता है तो राजग की जीत पक्की है। लेकिन, अगर चुनावों से पहले नीतीश कुमार का कद मुख्यमंत्री से भी ऊंचा कर दिया जाता है तो महाराष्ट्र की तरह राजग की बंपर जीत हो सकती है। क्या उन्हें राजग का संयोजक बनाया जा रहा या उससे भी बड़ा पद या पदवी। क्या मोदी और अमित शाह कुछ ऐसा सोच रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पिछले दिनों नीतीश कुमार और नवीन पटनायक को भारत रत्न देने की मांग की है। नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में 11 भारत रत्न दिए हैं, जिनमें कांग्रेस के तीन बड़े नेता मदनमोहन मालवीय, नरसिम्हा राव और प्रणब मुखर्जी शामिल हैं। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिया गया था। क्या नीतीश कुमार के साथ कुछ ऐसा होने जा रहा है। क्या चुनावों से पहले ही उनकी ससम्मान विदाई की योजना बन गई है। बिहार में पेपर लीक के खिलाफ छात्र आंदोलन के चलते राजनीतिक तौर पर नीतीश कुमार के दिन कोई अच्छे नहीं चल रहे। नीतीश कुमार के पास नवीन पटनायक से बेहतर विकल्प मौजूद हैं।

### राष्ट्रपति मुइज्जू को हटाना चाहते थे मालदीव के विपक्षी दल

**नई दिल्ली ।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए वहां के विपक्ष ने भारत से 6 मिलियन डॉलर की मांग की थी। यह दावा अमेरिकी अखबार द वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह रकम मुइज्जू को सत्ता से बाहर करने की साजिश को अंजाम देने के लिए आर्थिक मदद के रूप में मांगी गई थी। भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ का एक एजेंट मालदीव के विपक्षी नेताओं के संपर्क में था। वॉशिंगटन पोस्ट ने एक आंतरिक दस्तावेज के आधार पर यह रिपोर्ट तैयार की है। इसके मुताबिक, मालदीव के विपक्षी नेताओं ने 40 सदस्यों को घूस देने का प्लान तैयार किया था, जिसमें खुद मुइज्जू की पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस के भी सदस्य शामिल थे।

### तूफान की वजह से सड़कों पर खतरनाक हालात पैदा हो गए

# अमेरिका में आए भयानक तूफान ने मचाई तबाही, 4 लोगों की मौत

एजेंसी, ह्यूस्टन

दक्षिणी अमेरिका में इस सप्ताह के अंत में आए शक्तिशाली तूफान के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम पूर्वानुमान केंद्र के मौसम विज्ञानी ब्रायन हर्ले ने बताया कि टेक्सास, लुइसियाना, मिसिसिपी, अलबामा और जॉर्जिया में तूफान से होने वाली क्षति की कम से कम 45 रिपोर्ट हैं। उन्होंने बताया कि टीमें नुकसान का सर्वेक्षण करेंगी। तूफान की वजह से कई सड़कों पर खतरनाक हालात पैदा हो गए और साथ ही अमेरिका के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों पर उड़ानों में देरी या उड़ानों को रद्द करना पड़ा। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटअवेयर के अनुसार, रविवार दोपहर तक हाट्र्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 600 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई। ब्राजोरिया काउंटी शेरिफ कार्यालय की मैडिसन पोलस्टन ने बताया कि महिला (48) की ह्यूस्टन के दक्षिण में स्थित लिवरपूल क्षेत्र में उसके



घर से लगभग 100 फीट (30 मीटर) दूर लाश मिली। उन्होंने कहा कि महिला की मौत का सही कारण अभी ज्ञात नहीं हो सका है। पोलस्टन ने बताया कि ब्राजोरिया काउंटी में चार अन्य लोगों को चोटें आई। उन्होंने कहा कि कम से कम 40 घरों और इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है।

#### हुआ भारी नुकसान

काउंटी अधिकारी जेसन स्मिथ ने बताया कि ह्यूस्टन के उत्तर में मोंटगोमेरी काउंटी में करीब 30 घर नष्ट हो गए और करीब 50 अन्य को भारी नुकसान पहुंचा है। नॉर्थ कैरोलाइना में एक पेड़ के पिकअप वाहन पर गिर जाने से 70 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### एलसीए मार्क 1ए इंजन आपूर्ति में देरी

# जीई-414 इंजन के सौदे की कीमत में बढ़ोतरी की संभावना

- इंजन की आपूर्ति में देरी के कारण अमेरिकी कंपनी जीई के साथ जीई-414 इंजन के सौदे की कीमत बढ़ने की संभावना है
- एलसीए मार्क 1ए के लिए उपयोग किए जाने वाले जीई-404 इंजन की आपूर्ति पहले ही 18 महीने से अधिक देर हो चुकी है

एजेंसी, नई दिल्ली

लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) मार्क 1ए के लिए इंजन की आपूर्ति में देरी के कारण अमेरिकी कंपनी जीई के साथ जीई-414 इंजन के सौदे की कीमत बढ़ने की संभावना है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और जीई एलसीए मार्क-2 विमान के लिए 98 किलो न्यूटन थ्रस्ट वाला जीई-414 इंजन तैयार करने पर चर्चा कर रहे हैं। बता दें कि एलसीए मार्क 1ए के लिए उपयोग किए जाने वाले जीई-404 इंजन की आपूर्ति पहले ही 18 महीने से अधिक देर हो चुकी है। जहां मार्च 2025 तक इसकी आपूर्ति शुरू होने की संभावना नहीं है। सूत्रों ने बताया कि इस देरी के कारण अब जीई-414 इंजन के सौदे की कीमत बढ़ सकती है।

#### जीई-414 एक महत्वपूर्ण परियोजना

जीई-414 इंजन की परियोजना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रम के लिए आवश्यक है। अमेरिकी कंपनी को आपूर्ति श्रृंखला की समस्याओं का सामना करना पड़ा है, जिसके कारण जीई-404 इंजन की आपूर्ति में देरी हुई है।

#### क्षमता बढ़ाने के लिए बनाई गई समिति

दक्षिण मंत्रालय ने भारतीय वायुसेना की क्षमता को बढ़ाने के लिए एक समिति बनाई है, जो तीन महत्वपूर्ण लड़ाकू विमान परियोजनाओं पर काम कर रही है। इसमें एलसीए मार्क 1ए, एलसीए मार्क-2 और एएमसीए (पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान)। बता दें कि भारतीय वायुसेना ने पहले ही 83 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों का ऑर्डर दिया है और अब 97 और विमानों पर काम हो रहा है। एएमसीए परियोजना भारतीय वायुसेना के लिए भविष्य में महत्वपूर्ण होगी।



### सिगरेट से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य खतरों को लेकर हाल ही में किए गए एक रिसर्च में चौंकाने वाले आकड़े सामने आए

# हर सिगरेट के साथ घट रहे जिंदगी के 22 मिनट

- यूसीएल की रिसर्च में बड़ा खुलासा
- पुरुषों के जीवन से औसतन 17 मिनट घटे
- महिलाओं के जीवन से 22 मिनट कम

एजेंसी, नई दिल्ली

सिगरेट पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक होता है। सिगरेट से जुड़े गंभीर स्वास्थ्य खतरों को लेकर हाल ही में किए गए एक रिसर्च में चौंकाने वाले आकड़े सामने आए हैं। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल) के अध्ययन के



अनुसार, एक सिगरेट पीने से पुरुषों के जीवन से औसतन 17 मिनट और महिलाओं के जीवन से 22 मिनट कम हो जाते हैं। इससे पहले भी सिगरेट को लेकर कई बार स्टडी की गई है, लेकिन इस बार की रिसर्च डराने वाली है। यह आंकड़े पिछले अनुमानों से कहीं अधिक हैं, जिसमें एक सिगरेट से जीवन के 11 मिनट कम होने की बात कही गई थी। यूसीएल के शोधकर्ताओं का कहना है कि धूम्रपान करने वालों को इस गलत आदत को छोड़कर नए साल की शुरुआत करनी चाहिए। अध्ययनों से पता चलता है कि धूम्रपान करने वाले आम तौर पर अपने जीवन के कुल सालों में से कई साल कम कर देते हैं।

#### 'जिंदगी के 10 साल कम कर रहे'

अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि औसतन, एक सिगरेट एक व्यक्ति के जीवन से लगभग 20 मिनट कम कर देती है, जिसका अर्थ है कि 20 सिगरेट का एक पैकेट एक व्यक्ति के जीवन के लगभग सात घंटे कम कर देता है। यूसीएल की प्रिंसिपल रिसर्च फेलो डॉ. सारा जैक्सन के हवाले के मुताबिक, आमतौर पर लोग जानते हैं कि धूम्रपान हानिकारक है, लेकिन कितना, यह कम आंकते हैं। औसतन, जो धूम्रपान नहीं छोड़ते वे जीवन का लगभग 10 साल खो रहे हैं।

#### रिपोर्ट में दिया सुझाव

रिसर्च में सुझाव दिया गया कि 'सिगरेट पीने वाले जितनी जल्दी मौत के एस्केलेटर से बाहर निकलेंगे उनका जीवन उतना ही लंबा और स्वस्थ हो सकता है।' इसमें दावा किया गया है कि अगर कोई धूम्रपान करने वाला नए साल के दिन इस आदत को छोड़ देता है, तो उन्हें 20 फरवरी तक अपने जीवन का एक हफ्ता वापस मिल सकता है, और साल के अंत तक, वे जीवन के 50 दिन खोने से बच सकते हैं।

### रक्षा सचिव राजेश कुमार की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए

# समंदर भी करेगा भारत की ताकत को सलाम! 2,867 करोड़ रुपये के सौदे को रक्षा मंत्रालय की मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के पनडुब्बी बेड़े की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए लगभग 2,867 करोड़ रुपये के दो प्रमुख अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। पनडुब्बियों की सहनशक्ति और मारक क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से इन अनुबंधों पर सोमवार को दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। डीआरडीओ-एआईपी प्रणाली के लिए एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) प्लग के निर्माण के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के साथ लगभग 1,990 करोड़ रुपये के पहले अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एआईपी प्लग वायुमंडलीय ऑक्सीजन की आवश्यकता के बिना बिजली उत्पन्न करके पनडुब्बियों को लंबे समय तक पानी में रहने की अनुमति देगा। लगभग 877 करोड़ रुपये मूल्य



का दूसरा अनुबंध, नौसेना की कलवरी-क्लास पनडुब्बियों पर इलेक्ट्रॉनिक हेवी वेट टॉरपीडो (ईएचडब्ल्यूटी) के एकीकरण के लिए फ्रांस के नौसेना समूह के साथ हस्ताक्षरित किया गया था। EHWT एक बड़ी क्षमता वाला, स्व-चालित पानी के नीचे का हथियार है जिसे सतह के जहाजों और पनडुब्बियों पर हमला करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

संपादकीय

# छात्रों के साथ बर्बरता

**बिहार** में एक ओर सियासी पारा गरमाया हुआ है, तो दूसरी ओर बीपीएससी परीक्षार्थियों पर दिसंबर महीने में तीन बार लाठी जार्च हो चुका है। 18 दिसंबर से सभी 912 केंद्रों की दोबारा प्रारंभिक परीक्षा की मांग को लेकर बीपीएससी परीक्षार्थी पटना के गर्दनीबाग धरनास्थल पर आंदोलन कर रहे हैं। उनकी आवाज सरकार नहीं सुन रहे है। वे आंदोलन का सहारा लेने को मजबूर हैं। पटना के गांधी मैदान में रविवार सुबह से ही परीक्षार्थी जुटने शुरू हो गए थे। लेकिन इस कार्यक्रम की उन्हें प्रशासनिक अनुमति नहीं थी। प्रशासन ने ऐहतियातन गांधी मैदान के सभी बड़े गेट बंद कर दिए गए थे। परीक्षार्थियों का एक झुंड छज्जूबाग नाम के मोहल्ले की तरफ से आया और पटना पुलिस की बैरिकैडिंग ध्वस्त हो गई। पटना सेंट्रल एसपी स्वीटी सहरावत ने परीक्षार्थियों को वापस जाने को कहा। लेकिन परीक्षार्थी पीछे हटने को तैयार नहीं थे। बस यहीं से परीक्षार्थियों पर कहर बरसना शुरू हुआ। शिद्दत की सर्दी में रात आठ बजे पुलिस ने वॉटर कैनन का सहारा लिया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस लाठीचार्ज के बाद बिहार में सियासत तेज हो गई। सियासत अपनी जगह, लेकिन ऐसा क्यों है कि छात्र यूपी के हों या बिहार के, उनके हिस्से में लाठियां ही आती हैं? भले ही विपक्ष आज छात्रों के साथ खड़ा दिखे, लेकिन सत्ता में आते ही उस पर भी सत्ता का नशा हावी हो जाता है। सत्ता किसी की भी हो, उसका चरित्र नहीं बदलता। अगर आज का विपक्ष सत्ता में आ भी गया तो जरूरी नहीं कि वह छात्रों की मांगें मान लेगा। अगले साल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी परीक्षा होनी है। क्या छात्र इस बार नीतीश कुमार को परीक्षा में फेल कर देंगे? बिहार की छात्र शक्ति को कम नहीं आंकना चाहिए। ये बिहार के छात्र ही थे, जिन्होंने 1974 से जेपी के नेतृत्व में कांग्रेस की सत्ता के अंत की शुरुआत की थी। लेकिन सवाल यह है कि क्या आज कोई जेपी है? जन सुराज वाले प्रशांत किशोर उर्फ पीके जरूर छात्रों के समर्थन में आए थे, लेकिन छात्रों का आरोप है कि वे उन्हें बीच मंझधार में छोड़ कर चले गए। स्वाति नाम की लड़की ने भर्राए गले मीडिया से कहा, साल 2024 में हमारी परीक्षा है, लेकिन 2025 में नीतीश कुमार परीक्षा होगी। उनको हार झेलनी पड़ेगी, अगर हम लोगों की बात नहीं सुनी गई। सवाल यह है कि क्या नीतीश सरकार छात्रों की बात सुनेगी? उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी?

**अगले साल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी परीक्षा होनी है। क्या छात्र इस बार नीतीश कुमार को परीक्षा में फेल कर देंगे? बिहार की छात्र शक्ति को कम नहीं आंकना चाहिए।**

पाठकवाणी

## राजस्थान में जिलों पर सियासत

**अशोक** गहलोत के कार्यकाल ने नवगठित जिले का पुनर्गठन और 9 जिले और 4 संभाग खत्म करने के मामले में तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है। राज्य में आक्रोश के चलते नीमकाथाना के बाजार बंद रखे गए। राजस्थान में 9 जिले खत्म करने को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। अशोक गहलोत के कार्यकाल में नए जिले बनाए गए, लेकिन पुनर्गठन की प्रक्रिया की शुरूआत भी नही हुई थी और तत्काल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार होने पर बीजेपी ने सत्ता में कदम रखा। नोटिफिकेशन जारी करने के बाद कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए रास्ता जाम किया जा रहा है। अनूपगढ़ और सांचोर में ट्रेनें रोकने की धमकी दी गई और कलेक्ट्रेट का घेराव भी किया गया है। सांचोर महापड़ाव में विरोध प्रदर्शन कर किया। कांग्रेस ने जिले बनाने के लिए अपना हित और फायदा सोचा था। बहरहाल, भाजपा सत्ता में आने के बाद अपना हित सोच रही है। सात जिलों में कांग्रेस को एक भी सीट नही मिली है। सत्तारूढ़ भाजपा ने जनाधार वाले जिलों को क्रमशः शुरू करने और संभाग से होने वाले सियासी फायदे को भुनाने जा रही है। विपक्ष में बैठी कांग्रेस को यह नहीं भा रहा है। स्थानीय विधायक भी विरोध के सुर निकाल रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी घमासान बरकरार है और कांग्रेस ही नहीं, भाजपाइयों ने भी इस्तीफा दिया है।

–**कांतिलाल मांडोत**, सूरत

कुछ खास



भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक बोल रहे हैं बीपीएससी प्रदर्शन में पुलिस ने जिसको मारा, सही मारा। यह कैसी बेशर्मी है, बताइए। यह अपने बच्चों को विदेश भेजकर प्राउड फील करते हैं और दूसरों के बच्चों को जब पुलिस पीट रही है तो बीजेपी कह रही है, ठीक पीटा।

–**कंचना यादव**, आरजेडी प्रवक्ता

आज का ट्वीट



''सात साल पहले बाबा की दुकान बहुत छोटी हुआ करती थी। बस एक कमरे में। और चंद लोग! तब धीरेंद्र शास्त्री बागेश्वर धाम ने सात वर्षों में गजब की ग्रोथ की है!''

–**यशवंत सिंह**

# शिक्षा व्यवस्था का बदलता स्वरूप

सामयिक



**शाहीन सबा**

**स्व**तंत्र भारत के आधुनिकता के विचार का केंद्र बिंदु शिक्षा है। हमारी शिक्षा प्रणाली में लम्बे समय तक यूरोपियन आधुनिकता का पुट दिखाई पड़ा। दौलत सिंह कोठरी (1986) से लेकर प्रोफेसर यशपाल (1992) और अब डा. के. कस्तूरी रंगन (2020), सभी के द्वारा भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैज्ञानिकता के आधार पर विकसित करने के सार्थक प्रयास किये गए। इन ख्यातिलब्ध शिक्षाविदों द्वारा सुझाए गए शिक्षा सुधारों को सरकारों ने अपनी सुविधानुसार अपना लिया लेकिन शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं देश, काल और समाज के अनुकूल बनाने के लिए जरूरी आधारभूत ढांचागत सुविधाओं को विकसित करने की ओर ध्यान नहीं दिया। इसके पीछे एक बड़ा कारण है कि साधन सम्पन्न नीति निर्धारकों, और एलीट राजनेताओं के बच्चे अब अध्ययन के लिए इन शिक्षण संस्थानों में दाखिला नहीं लेते बल्कि सुविधा सम्पन्न निजी स्कूलों में जाने लगे हैं।

इस देश का दुर्भाग्य है कि सरकारों की प्राथमिकताओं और देश की जनता की आवश्यकताओं में सदैव अंतर विद्यमान रहता है। सरकारों ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। गांव की प्राथमिक शिक्षा खत्म हो गई। पहले प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को निजी हाथों में दिया गया और अब उच्च शिक्षा को भी काफी तेज गति से निजी हाथों में देने की बात चल रही है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा आज से करीब 50 वर्ष पहले काफी अच्छी तरह से परफॉर्म कर रही थी। लेकिन निजी हाथों में आने से सरकारी स्कूलों में जो सामाजिक दबाव था वह धीरे-धीरे खत्म होता चला गया। आज इन सरकारी स्कूलों की हालत किसी से छिपी हुई नहीं है। प्राथमिक शिक्षा पूर्णतया निजी हाथों में चली गई है।



यदि उच्च शिक्षा को इसी तरह निजी हाथों में मुनाफाखोरी के लिए दिया गया तो इससे जो थोड़ा बहुत नैतिक और सामाजिक दबाव इन सार्वजनिक संस्थानों पर है वह भी खत्म हो जाएगा और उच्च शिक्षा का हाल भी आज की प्राथमिक शिक्षा जैसा ही हो जाएगा। इससे गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर होती चली जायेगी। उच्च शिक्षा, केवल साधन सम्पन्न लोगों जिनमें उच्च शिक्षा को क्रय करने की आर्थिक क्षमता होगी, तक ही सीमित हो जायेगी। यह तर्क बिल्कुल सही है कि उच्च शिक्षा केवल योग्य लोगों तक ही सीमित होनी चाहिए। लेकिन यह योग्यता आर्थिक और सामाजिक न होकर बौद्धिक होनी चाहिए। और बौद्धिक योग्यता हासिल करने के लिए सभी को हायर सेकेंडरी तक एक समान अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए। जो भी पॉलिसी बनाई जाती है उसके कुछ न कुछ तो लॉजिक होते ही हैं। बहुत सारी अच्छी बातें भी होती हैं लेकिन हमें उसे समग्रता में देखने की जरूरत है।

पिछले कुछ वर्षों से शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में सरकार का दखल बढ़ता जा रहा है। शिक्षण संस्थाओं, विशेषकर विश्वविद्यालयों, की स्वायत्तता नाम मात्र की रह गई है। संस्थाओं पर सत्र को नियमित करने के लिए सरकार का दबाव होता है। इससे शिक्षण संस्थानों में शिक्षण कार्य की अवधि सिकुड़ने लगी है। विश्वविद्यालयों में राजनीतिक हस्तक्षेप हद से ज्यादा होने लगा है। विश्वविद्यालय के ढांचे में डेमोक्रेटिक स्पेस कम होता जा रहा है। दरअसल, विश्वविद्यालय और महाविद्यालय नई बहस, वाद-विवाद, और संवाद का बड़ा मंच होते हैं। वाद-विवाद, बहस और संवाद विद्यार्थियों को ज्ञानवान बनाते हैं। विश्वविद्यालयों में सभी विचारधाराओं के लिए अपना विचार रखने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक वातावरण ऐसा होना चाहिए जिससे कि गांव-गरीब, किसान-मजदूर, हिन्दू-मुसलमान, दलित-आदिवासी, सभी परिवारों के बच्चों को देश के विकास की मुख्य धारा में योगदान देने का अवसर मिल सके।

दुर्भाग्य से शिक्षा के क्षेत्र में अधिकांश ऐसे लोगों ने अपनी पकड़ बना ली है, जिनका शिक्षा से दूर-दूर तक कोई प्रत्यक्ष सम्बंध नहीं है। शिक्षण संस्थानों को व्यावसायिक केंद्रों में परिवर्तित कर दिया गया है। अधिकांश संस्थाओं के प्रमुख इस या उस राजनीतिक दल के प्रभाव से स्वतंत्र नहीं हो पाते हैं। कुछ तो अपने इस व्यवहार से अपने को गौरवान्वित अनुभव करते हैं, और उनकी यह अनुभूति कब अहंकार का रूप ले लेती है, उन्हें पता ही नहीं चलता। इसी अहंकार में डूबे हुए वे हिंदुस्तान के युवाओं के भविष्य का फैसला कर रहे होते हैं।

अब्राहम लिंकन ने कहा था कि एक पॉलिटीशियन अगले इलेक्शन के विषय में सोचता है, जबकि एक स्टेट्समैन अगली जनरेशन के विषय में सोचता है। प्रोफेसर यशपाल के अनुसार 'शिक्षा वो होती है जिसमें बात से बात निकले'। शिक्षा प्राप्त कर जब आप शिक्षण संस्थान से विदा होते हैं तो आपके भीतर बुद्धिमत्ता का संगीत बजना चाहिए। सरकार चाहे किसी की हो, विद्यार्थी का काम सवाल पूछना, तर्क के साथ बहस करना, अपनी बातों को सहजता पूर्वक दूसरों तक पहुंचाना, और संयम के साथ दूसरों की बातों को सुनकर अपनी राय देना है।

बड़े अफसोस की बात है कि आज शिक्षक ने बोलना छोड़ दिया है। उसने व्यवस्था के खिलाफ लिखना बंद कर दिया है। वह राजनेताओं की चालीसा लिख रहा है। वैज्ञानिक सोच खोजी प्रवृति, और सुधार को बढ़ावा देती है। धूर्त, विकृत मानसिकता की पितृ सत्तात्मक सोच, वैज्ञानिकता और तर्कशक्ति पर भारी पड़ती नजर आती है। यदि कोई तर्कशील व्यक्ति कुछ प्रतिरोध के स्वर उठाने की कोशिश भी करे, तो आस्था के नाम पर मुंह बंद करा दिया जाता है। ऐसे शिक्षकों की संख्या घटती जा रही है जो कक्षाओं में विद्यार्थियों को पढ़ाना अपना मौलिक कर्तव्य समझते हों। शिक्षक की प्राथमिकताओं में कक्षा में शिक्षण कार्य से इतर अपना अकादमिक प्रदर्शन सूचकांक (एपी आई स्कोर) बढ़ाने की ओर अधिक है। संस्था के मुखिया को खुश रखना या किसी राजनीतिक आका के माध्यम से संस्था के मुखिया तक अपनी पहुंच मजबूत करना भी अधिकांश शिक्षकों की प्राथमिकताओं में शामिल है। आज, हमारी शिक्षा व्यवस्था परीक्षा केंद्रित हो चुकी है। शिक्षा व्यवस्था के केंद्र में शिक्षा नहीं है। विद्यार्थी कक्षाओं से गायब है। वह केवल परीक्षा देने के लिए ही जा रहा है। परीक्षा में सफलता पाने के लिए विद्यार्थी किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार है। शिक्षण संस्थाएं शिक्षा प्रदान न कर केवल परीक्षा समय से सम्पन्न कराने की एजेंसी बन कर रह गईं हैं। अधिकांश विद्यार्थी कॉलेज में औपचारिक उपाधि लेने के लिए दाखिला लेते हैं। वे कॉलेज न जाकर किसी कोचिंग/टयूशन के लिए जाना पसन्द करते हैं। जिसके पास कोचिंग की फीस के लिए पैसे नहीं है, वही विद्यार्थी कक्षाओं में उपस्थित के लिए यदा-कदा दिखाई दे रहे हैं।

जब तक सरकार द्वारा पोषित प्राथमिक शिक्षण संस्थाओं को मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक आप शिक्षा व्यवस्था में सुधार की कल्पना भी नहीं कर सकते। सरकारों द्वारा पोषित प्राथमिक शिक्षण संस्थाओं को जानबूझकर डिस्क्रेडिट किया जाता रहा है। यह सब स्व-वित्त पोषित संस्थाओं को अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद करता है।

**जब तक सरकार द्वारा पोषित प्राथमिक शिक्षण संस्थाओं को मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक आप शिक्षा व्यवस्था में सुधार की कल्पना भी नहीं कर सकते। सरकारों द्वारा पोषित प्राथमिक शिक्षण संस्थाओं को जानबूझकर डिस्क्रेडिट किया जाता रहा है। यह सब स्व-वित्त पोषित संस्थाओं को अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद करता है।**

# पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना आई-बुजुर्ग अधेड़ युवाओं को इस क्षेत्र में भी करियर की उम्मीदें जगाई-सभी राज्यों में हड़कंप मचाई

## दिल्ली की तर्ज पर पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना पूरे देश में लागू करने, हर राज्य में बवाल की संभावना?

**भारत की राजनीतिक पार्टियों द्वारा तथाकथित सम्मान योजनाएं लागू करते समय, करदाताओं के मेहनत की कमाई से दिए टैक्स का संज्ञान लेना जरूरी–एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**




**गोंदिया** – वैश्विक स्तरपर भारत भले ही सबसे बड़ा लोकतंत्र व सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है परंतु विगत कुछ दशकों से हम देख रहे हैं कि लोकतंत्र के यज्ञ रूपी चुनाव पर्व आते ही करीब हर संपन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा यह इस यज्ञ को, मेहनत उपलब्धियों सेवाओं व भविष्य की रणनीतियों रूपी पूजा से करने की बजाय देव रूपी मतदाताओं को इस तरह की सम्मान योजनाएं देकर अप्रत्यक्ष रूप से उन्हें अपने फेवर में करने का प्रचलन जोर-शोर से बढ़ते जा रहा है, जिसे आजकल रेवड़ी का नाम दिया जा रहा है। मैंनें बचपन में आंध्र प्रदेश के चुनावी में 2 रूपए किलो चावल की योजना सुनी थी उसके बाद इसका चलन बढ़ता ही चला गया, जो हमारे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के पूर्व 1500 रुपए लाडली बहन योजना तक चला, जिसने गजब का कमाल दिखाया था। अब दिल्ली के पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना में रिकॉर्ड तोड़ प्रति व्यक्ति 18000 रुपए प्रति माह देने की चिंगारी का परिणाम पूरे देश में देखने को मिलेगा, हालांकि दिल्ली में इसका लाभ हो सकता है परंतु इसकी लौ पूरे देश में देखने को मिल सकती है। अब हर राज्य में वृद्धि अधेड़ युवा इस क्षेत्र में अपना करियर ढूंढने लगेंगे, यानी 2.16 लख रुपए का पैकेज प्रतिवर्ष बैठे बिठाए मिलेगा। बस! उन्हें पुजारी या ग्रंथि बनना है, जो युवाओं को भी आकर्षित कर सकता है।मेरा मानना है कि हर राजनीतिक दल इस तरह की सम्मान योजनाएं लाकर माहौल अपने पाले में लेकर सरकार बना लेते हैं। अगर हम हर क्षेत्र में रेवड़ियों की आदतें लागू करेंगे तो विजन 2047, पूर्ण विकसित भारत, 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था, सबका साथ सबका विकास धर्म निरपेक्षता इत्यादि का क्या होगा? क्या फिर गरीब का पूजा पाठ फ्री में करने की शर्त होगी? वह अलाल तो नहीं हो जायेंगे सहित सैकड़ो प्रश्न उठेगे। चूँकि पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना आई, बुजुर्ग अधेड़ युवाओं को इस क्षेत्र में भी करियर की उम्मीदें नजर आई, सभी राज्यों में हड़कंप बवाल मचाई। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी का सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत की राजनीतिक पार्टियों द्वारा तथाकथित सम्मान योजनाएं लागू करते कर दाताओं के मेहनत की कमाई से दिए टैक्स का संज्ञान लेना जरूरी है। साथियों बात अगर हम पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना की करें तो, विधानसभा चुनाव 2025 से पहले आप पार्टी ने दिल्ली में पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना शुरू की है। इस योजना के तहत मंदिरों में काम करने वाले पुजारियों और गुरुद्वारे के ग्रंथियों को हर महीने 18000 रुपये दिए जाएंगे। केजरीवाल ने इस योजना का ऐलान करते हुए कहा कि इसके तहत मंगलवार से ही आवेदन किया जा सकता है। इस योजना के जरिए पुजारियों और ग्रंथियों को हर महीने सम्मान राशि दी जाएगी। आप पार्टी का दावा है कि यह देश में पहली योजना है, जिसके तहत पुजारियों और ग्रंथियों की मदद की जा रही है पुजारी- ग्रंथी सम्मान योजना के तहत दिल्ली के सभी मंदिरों और गुरुद्वारों में काम करने वाले पुजारी और ग्रंथी आवेदन कर सकते हैं। हालांकि,अब तक इस योजना की पात्रता के लिए कोई सरकारी नोटिफिकेशन नहीं जारी किया गया है। चर्च या मस्जिद में काम करने वाले लोगों का कोई जिक्र नहीं किया गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह योजना उनके लिए नहीं है।इस योजना के तहत आवेदन मंगलवार (31 दिसंबर) से शुरू हुआ । अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि वह खुद मंगलवार को राजीव चौक के प्राचीन हनुमान मंदिर में पुजारियों के रजिस्ट्रेशन कर पूरे दिल्ली में रजिस्ट्रेशन अभियान शुरू किया।इस योजना के तहत आवेदन करने वाले पुजारियों और ग्रंथियों को हर महीने 18000 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। हालांकि, केजरीवाल के पोस्ट में कहा गया है कि आप के जीतने पर ये पैसे मिलेंगे। ऐसे में साफ है कि भले ही रजिस्ट्रेशन अभी से शुरू हो रहे हैं, लेकिन पुजारियों को पैसा 2025 में आप की सरकार बनने पर ही मिलेगा।अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा, आप के जीतने पर दिल्ली में मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को 18,000 रूपए प्रति माह की सम्मान राशि दी जाएगी। ये योजना समाज में उनके आध्यात्मिक योगदान और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के उनके प्रयासों का सम्मान है। बीजेपी वालों इसे रोकने की कोशिश मत करना, बहुत पाप लगेगा। साथियों बात अगर हम इस योजना से बावल की करें तो, बीजेपी नेता ने एक्स पर लिखा, इतने साल तक तो याद नहीं आई आपको, वोट बैंक के चक्कर में इमामों को तो पैसे देने की घोषणा की पर एक टाइम बाद वो भी बंद कर दिया, आपकी किसी भी घोषणा पर लोगों को विश्वास ही नहीं है।बस चुनावी वादे कर रहे आप।जवाब में आप सांसद ने कहा, बौखलाये भाजपाई पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना का विरोध करने के लिए मैदान में कूद गए हैं।भाजपाइयों 22 राज्यों में तुम्हारी सरकार है तुम्हारे अंदर हिम्मत हो तो ये योजना लागू करके दिखाओ। साथियों बात अगर हम इस योजना के बारे में पार्टी की विचारधारा की करें तो, मीडिया में बात करते हुए मंत्री ने कहा, बीजेपी को पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना से भी दिक्कत है, बीजेपी सिर्फ नकारात्मक प्रचार में लगी हुई है,उनसे पूछा गया कि क्या इस योजना की घोषणा मुस्लिम तुष्टीकरण या इमाम वेतन आरोपों का मुकाबला करने के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्यों में वक्फ बोर्ड इमामों को वेतन दे रहा है, आंध्र में उनके सहयोगी दल की भी ऐसी ही योजना है,इमामों को वेतन का भुगतान न करने पर उन्होंने कहा, अगर किसी का मकसद राजनीतिक करना है तो हम कुछ नहीं कर सकते। इमामों का वेतन जल्द ही दे दिया जाएगा, कुछ अधिकारी इमामों के वेतन भुगतान में बाधा पैदा कर रहे थे। जैसे पहले बुजुर्गों की पेंशन बंद कर दी गई थी,लेकिन हमने उसे मंजूरी दिला दी. इमामों के वेतन का भुगतान भी जल्द ही कर दिया जाएगा। केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि आज मैं पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना का ऐलान करता हूं, इस योजना के तहत मंदिरों में भगवान की पूजा करने वाले, लोगों को पूजा करवाने वाले पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को हर महीने सम्मान राशि देने का प्रावधान है।पुजारी हमारे सुख-दुख में काम आते हैं। शादी हो, बच्चे का बर्थडे हो, कोई भी खुशी का मौका हो या फिर किसी की मौत हो जाए,वह हर वक्त हमारे साथ रहते हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि आज तक किसी ने उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया। इस योजना के तहत हर महीने मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18000 रुपये की राशि दी जाएगी।उन्होंने कहा कि देश में ऐसा पहली बार हो रहा है, योजना के लिए कल से रजिस्ट्रेशन शुरू किया जाएगा कल कनॉट प्लेस से योजना की शुरूआत होगी।कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाकर रजिस्ट्रेशन की शुरूआत की जाएगी। इसके बाद आप के विधायक व कार्यकर्ता पूरी दिल्ली में पंजीकरण कराएंगे। वहीं निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में महिला सम्मान व संजीवनी योजना को पुलिस भेजकर, फर्जी केस करके रोकने की कोशिश की। उसी तरह इस योजना को रोकने की कोशिश न करे। उन्होंने कहा कि एक पुजारी हमारे सुख-दुख सब में काम आता है। इन्होंने सदियों से हमारी परंपराओं, हमारे रीति रिवाजों और संस्कारों को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया है। लेकिन पुजारी कभी अपने परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाते। इनके सम्मान में सरकार बनने पर करीब 18 हजार रुपए देंगे। यह देश में पहली बार हो रहा है। आज तक किसी भी पार्टी और सरकार ने ऐसा नहीं किया। भाजपा पर आरोप लगाया कि इन्होंने संजीवनी योजना रोकने की कोशिश की लेकिन रोक नहीं पाए। उसी तरह ये पुजारियों और ग्रंथियों की योजना को रोकने की कोशिश ना करें। पुजारी और ग्रंथि हमारे और भगवान के बीच में एक सेतु का काम करते हैं। हमारी प्रार्थनाओं को भगवान तक पहुंचाते हैं।

**–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# बड़े मजाकिया हो साल तुम!



जवाहर चौधरी

**बा**र बार यही होता है वह आता है और छोड़कर चला जाता है। दिन महीने कैसे गुजर गए यह आखिरी दिनों में पता चलता है। साल में क्या किया, क्या खोया-पाया इसका हिसाब देखा तो लगता है 'कुछ तो गड़बड़ है'। खाया पिया कुछ नहीं गिलास फोड़ा बारा आना! जो सोचा वह हुआ नहीं और जो कभी चाहा नहीं वह होता रहा। साल ! तुम भी बड़े मजाकिया हो यार। स्वागत तो बड़े धूमधाम से करवाते हो। लगता है घोड़ी चढ़े दूल्हा हो और उम्मीद की बारात साथ लाए हो। लेकिन होता क्या है ! दूसरे ही दिन अलसाई सुबह आकर खड़ी हो जाती है और शाम तक लोग जान जाते हैं कि कुछ भी नया नहीं है। वही नारा 'जब तक सूरज चांद रहेगा', वही सूरत- वही सीरत।

जो बेरोजगार थे, बेरोजगार ही हैं, जो बीमार थे वह भी आज बीमार हैं। बाजार ने नए साल की खुशी में सेल लगाई, विज्ञापन बढ़ाए लेकिन दाम नहीं घटाए। मदिरालयों में जाम ज्यादा छलके और जेबें कुछ ज्यादा हल्की हो गईं कुछ ने जाते हुए के लिए गम गलत किया बाकी ने स्वागत की परंपरा निभाई। यम का दरवाजा एक दिन के लिए भी बंद नहीं हुआ। सहमे हुए लोगों ने दिनभर दाएं बाएं देखते हुए 'हैप्पी न्यू ईयर' कहा। डर यह रहा कि कब कहां बिना वर्दी वाली पुलिस चालान बनाने लगे। नया साल जितना स्वागत करने वालों की दिमाग में होता है उससे कहीं ज्यादा विरोध करने वालों के दिमाग में होता है। अंतर बस ठंडा और गरम का होता है।

देश को नए साल में क्या मिलेगा?' एक दिव्य-दृष्टिवान भक्त के सामने यह सवाल टॉपटीवी के पत्रकार ने फेंका। वे बोले-यह हमारा नया साल नहीं है दुनिया का है तो होगा। हमें और आपको इससे कोई मतलब नहीं होना चाहिए। फिर भी कल आप कुछ तो करोगे? ऐसे ही बैठे तो नहीं रहोगे।

'गईया चराएंगे अपनी, किसीको दिक्कत है क्या!'

'चलिए इतना तो बताइए कि अगले बारह महीने में क्या मिलेगा देश को?'

'मीडिया को नया कुछ नहीं मिलेगा। सावधान, विश्राम, दाएं मुड़, बाएं मुड़। हां हम कुछ और पीछे जाने की कोशिश करेंगे संस्कृति की ओर। कुछ और नीचे भी जाएंगे। वह सुना है ना जिन खोज तीन पाईया गहरे पानी पैठ। जड़ों की ओर लौटेंगे, पता है ना जडें कहां होती हैं।'

'पिछले साल भारत जोड़ने का बीड़ा उठाया था किसी ने। क्या लगता है, अधूरा काम पूरा होगा?' 'कैसे हो सकता है! अवधारणा ही गलत है। जोड़कर कोई राजनीति कर सकता है! लोगों ने अंग्रेजों से भी नहीं सीखा की फूट डालो और राज करो। यह एक सूत्र वाक्य है राज करने का। चलिए इससे ज्यादा कुछ नहीं बोलेंगे हम।'स्वभाव, परंपरा और समय की मांग है सो लोग चिंतन में लगे हैं और कुछ चिंता में भी। एक हाथ में आयुष्मान कार्ड है और दूसरे में अंतिम संस्कार और अंतिम भोज का खर्च। देखें इस साल किसका पलड़ा भारी रहता है। हॅप्पी न्यू ईयर।

# मेलबर्न में आखिरी दिन हारी टीम इंडिया

## ऑस्ट्रेलिया ने चौथे टेस्ट मैच में भारत को 184 रनों से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई



● मेलबर्न

**कप्तान** पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन सोमवार को 184 रनों से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से अपराजेय बढ़त बना ली।

भारत चायकाल तक तीन विकेट पर 112 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत की जोड़ी एक बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी तभी 59वें ओवर में ट्रेविस हैड ने पंत को मार्श के हाथों कैच आउट करा भारत को चौथा झटका दे दिया। पंत ने 30 रन बनाए। इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गयी। 63वें ओवर में रविन्द्र जडेजा (दो) को बोलैंड ने कैरी के हाथों कैच आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पांचवी सफलता दिलाई। सातवें विकेट के रुप में यशस्वी जायसवाल (84) के आउट होने के बाद मैच भारत के हाथों पूरी तरह से निकल चुका था। भारत की ओर से मात्र दो बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (84) और ऋषभ पंत (30) दहाई संख्या में पहुंच सके जबकि 12 रन अतिरिक्त मिले। कप्तान रोहित शर्मा (09) और केएल राहुल (00) एवं विराट कोहली 05 रन बनाकर आउट हुए। पहली पारी में शतक बनाने वाले नीतीश रेड्डी दूसरी पारी में मात्र एक रन बना पाए। अन्य बल्लेबाजों में रविन्द्र जडेजा (02) आकाश दीप (07) कप्तान जसप्रीत बुमराह (00) मोहम्मद सिराज (00) पर आउट हुए वहीं वाशिंगटन सुंदर (05) रनों पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय टीम 79.1 ओवर में 155 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने 12 साल बाद भारत से बॉक्सिंग डे टेस्ट जीता है। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बढ़ गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड ने तीन-तीन, नाथन लायन ने दो, मिचेल स्टार्क, ट्रेविस हैड ने एक-एक विकेट लिया। पहली पारी में 49 रन एवं तीन विकेट तथा दूसरी पारी में तीन विकेटों के साथ 41 रनों का योगदान देने वाले पैट कमिंस को




'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। इससे पहले सोमवार सुबह के सत्र में दूसरे ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने नाथन लायन (41) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का समापन कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 234 रन पर सिमट गई। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को तीन विकेट मिले। जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 474 रन बनाए थे। उसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी की शतकीय पारी की बदौलत भारत ने पहली पारी में 369 रन बनाए और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 234 रन पर समेट दिया था।

### स्कोर बोर्ड

ऑस्ट्रेलिया पहली पारी : 474 रन

भारत पहली पारी : 369 रन

| ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैम कोंस्टास बो बुमराह | 08 | 18 | 1 | 0 |
| उस्मान ख्वाजा बो सिराज | 21 | 65 | 2 | 0 |
| लाबुशेन पगबाधा बो सिराज | 70 | 139 | 3 | 0 |
| स्टीव स्मिथ का पंत बो सिराज | 13 | 41 | 1 | 0 |
| ट्रैविस हेड का नीतीश बो बुमराह | 01 | 2 | 0 | 0 |
| मार्श का पंत बो बुमराह | 00 | 4 | 0 | 0 |
| एलेक्स कैरी बो बुमराह | 02 | 7 | 0 | 0 |
| कमिंस का रोहित बो जडेजा | 41 | 90 | 4 | 0 |
| मिचेल स्टार्क रन आउट | 05 | 13 | 0 | 0 |
| नाथन लायन बो बुमराह | 41 | 55 | 5 | 0 |
| स्कॉट बोलैंड नाबाद | 15 | 74 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 16 रन

कुल : 83.4 ओवर में 234 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-20 , 2-43, 3-80, 4-85, 5-85, 6-91, 7-148, 8-156, 9-173, 10-234

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 24.4 | 7 | 57 | 5 |
| आकाश दीप | 17 | 4 | 53 | 0 |
| मोहम्मद सिराज | 23 | 4 | 70 | 3 |
| रवींद्र जडेजा | 14 | 2 | 33 | 1 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 1 | 0 | 4 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर | 4 | 0 | 7 | 0 |

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का कैरी बो कमिंस | 84 | 208 | 8 | 0 |
| रोहित का मार्श बो कमिंस | 09 | 40 | 0 | 0 |
| राहुल का ख्वाजा बो कमिंस | 00 | 5 | 0 | 0 |
| कोहली का ख्वाजा बो स्टार्क | 05 | 29 | 0 | 0 |
| पंत का मार्श बो हेड | 30 | 104 | 2 | 0 |
| जडेजा का कैरी बो बोलैंड | 02 | 14 | 0 | 0 |
| नीतीश का स्मिथ बो लायन | 01 | 5 | 0 | 0 |
| वॉशिंगटन सुंदर नाबाद | 05 | 45 | 0 | 0 |
| आकाश का हेड बो बोलैंड | 07 | 17 | 1 | 0 |
| बुमराह का स्मिथ बो बोलैंड | 00 | 8 | 0 | 0 |
| सिराज पगबाधा बो लायन | 00 | 2 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12 रन

कुल 79.1 ओवर में 155 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-25, 2-25, 3-33, 4-121, 5-127, 6-130, 7-140, 8-150, 9-154, 10-155

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 16 | 8 | 25 | 1 |
| पैट कमिंस | 18 | 5 | 28 | 3 |
| स्कॉट बोलैंड | 16 | 7 | 39 | 3 |
| मिचेल मार्श | 3 | 2 | 2 | 0 |
| नाथन लायन | 20.1 | 6 | 37 | 2 |
| ट्रैविस हेड | 5 | 0 | 14 | 1 |
| मार्नस लाबुशेन | 1 | 1 | 0 | 0 |

## बेल्स बदलने पर स्टार्क और यशस्वी में नोकझोंक

**मेलबर्न, वार्ता** : ऑस्ट्रेलिया के बैटर ट्रैविस हेड मेलबर्न टेस्ट में आपत्तिजनक सेलिब्रेशन करने के चलते विवादों में घिर गए हैं। सोमवार को मुकाबले के आखिरी दिन उनकी गेंदबाजी पर ऋषभ पंत आउट हो गए। विकेट के बाद हेड अपने हाथों से अश्लील इशारा करते नजर आए। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस से हेड के सेलिब्रेशन पर सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्पिनर नाथन लायन को चिढ़ाने के लिए ऐसा किया। वहीं स्टंप्स की बेल्स बदलने पर मिचेल स्टार्क और यशस्वी जायसवाल में नोकझोंक देखने को मिली। ट्रैविस हेड ने मैच की दूसरी पारी में ऋषभ पंत का बड़ा विकेट लिया। विकेट लेते ही वह अपने दोनों हाथों से अश्लील इशारा करते नजर आए। जिसे ब्रॉडकास्टर्स ने भी कुछ देर दिखाया। सेलिब्रेशन के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने हेड की आलोचना की और उनके इशारे को अश्लील बताया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी मीडियाकर्मियों ने उनके सेलिब्रेशन पर सवाल उठाए गए। मैच खत्म होने के बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उन्होंने हेड का सेलिब्रेशन नहीं देखा। कमिंस को जब सेलिब्रेशन दिखाया गया, तब उन्होंने कहा कि हेड ने लायन को चिढ़ाने के लिए ऐसा किया। दरअसल, हेड अपनी उंगली को बर्फ के पानी में डालकर ठंडा करने का इशारा कर रहे थे।

## सिडनी टेस्ट जीतकर कमबैक करेंगे : रोहित शर्मा

**मेलबर्न, वार्ता** : टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि मेलबर्न टेस्ट में मिली हार की वजह से वह मेंटली डिस्टर्ब हो गए हैं। सिडनी टेस्ट से पहले उन्हें खुद में और टीम में कई बदलाव करने की जरूरत है। मोमेंटम ऑस्ट्रेलिया के पास है, लेकिन टीम सिडनी में जीतकर कमबैक करना चाहेगी। रोहित बोले कि यह हार मेंटली बहुत डिस्टर्बिंग हैं, मैच में मैंने कई चीजें ट्राई की, लेकिन वैसा रिजल्ट नहीं मिला, जैसा हमें चाहिए था। जब नतीजें हमारे खिलाफ होते हैं तो निराशा मिलती है। पीछे क्या हुआ, उसके बारे में हमें ज्यादा नहीं सोचना चाहिए। कुछ नतीजे हमारे हक में नहीं रहे, जिनसे कप्तान के रूप मैं बहुत निराश हूं।' रोहित शर्मा टेस्ट सीरीज के 3 टेस्ट में 31 रन ही बना सके। रोहित ने आगे कहा कि टीम के रूप में हमें कई बदलाव करने पड़ेंगे। मुझे खुद में कई चीजों को बदलना होगा। हम कमियों पर काम करेंगे और देखेंगे कि क्या किया जा सकता है। एक गेम और बाकी है, अगर हम अच्छा खेलें तो सीरीज 2-2 से बराबर हो सकती है। सीरीज ड्रॉ कराना भी ठीक रहेगा। रोहित बोले कि पांचवें टेस्ट से पहले ज्यादा टाइम नहीं है, लेकिन हम सीरीज को ऐसे ही जाने नहीं दे सकते।

## सार संक्षेप

### जिम्बाब्वे बनाम अफगानिस्तान टेस्ट हुआ ड्रा



**बुलावायो** : अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच खेला गया पहला टेस्ट मैच दोनों टीमों के ऐतिहासिक रिकार्डो के साथ सोमवार को ड्रा हो गया। यहां अफगानिस्तान ने रविवार के तीन विकेट पर 515 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। अफगानिस्तान का चौथा विकेट 639 के स्कोर पर अफसर जजाई (113) के रूप में गिरा। इस दौरान कप्तान हशमतउल्लाह शहीदी ने भी अपना पहला दोहरा शतक पूरा किया। शहीदी ने 474 गेंदों में 21 चौके लगाते हुए (246) रन बनाये। उन्हें ब्रायन बेनेट ने आउट किया। शाहीदुल्लाह (29) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अफगानिस्तान की पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई। अफगानिस्तान ने 197 ओवरों में जिम्बाब्वे के खिलाफ 699 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर 113 रनों की बढ़त हासिल की। जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट ने पांच विकेट लिए। शान विलियम को दो विकेट मिले। ब्लेसिग मुजारबानी, ट्रेवर ग्वांडु और न्यूमैन न्यामुरी ने एक-एक विकेट लिया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे ने 34 ओवर में बेन करन (41), जॉयलॉर्ड गंबी (24), शॉन विलियम्स (नाबाद 35) और क्रेग एर्विन (नाबाद 22) के योगदान से चार विकेट पर 142 रन बनाए। अफगानिस्तान की ओर से जहीर खान ने दो और ए एम गजनफर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। जिम्बाब्वे ने पहली पारी में शॉन विलियम्स (154), कप्तान क्रेग एर्विन (104) और ब्रायन बेनेट (नाबाद 110) रनों की पारी के दम पर 586 रनों का रिकॉर्ड स्कोर बनाया था।

### टाइगर क्लब ने पुरुष और दिल्ली यूनिवर्सिटी ने महिला वर्ग का जीता खिताब

**नई दिल्ली** : हॉकी प्रीमियर लीग 2024 के फाइनल मुकाबलों में टाइगर क्लब ने पुरुष वर्ग और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने महिला वर्ग का खिताब जीता। टाइगर क्लब ने छठी राष्ट्रीय हॉकी प्रीमियर लीग 2024 के मास्टर्स पुरुष वर्ग के फाइनल में होशियारपुर क्लब को 2-1 से हराकर मास्टर्स ग्रुप की चैंपियनशिप जीत ली। वहीं दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमनाई ने श्री द्वारका बाल बालिका विद्यालय को 1-0 हराकर मास्टर्स महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया। अंडर 21 बॉयज ग्रुप के फाइनल में घुम्मनहेड़ा राइजर ने श्याम लाल कॉलेज को 3-2 से हरा कर खिताब जीता।

## गावस्कर और शास्त्री ने जायसवाल को आउट दिए जाने के फैसले को बताया गलत

● मेलबर्न

**पूर्व** भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री ने सोमवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के दूसरी पारी में अंतिम दिन यशस्वी जायसवाल को पैट कमिंस की गेंद पर तीसरे अंपायर के आउट देने के फैसले गलत बताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

भारत की दूसरी पारी के 71वें ओवर में जायसवाल ने कमिंस की शॉर्ट पिच गेंद को पुल करने का प्रयास किया था, लेकिन गेंद उनके बल्ले के बेहद करीब से निकली और विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने विकेट पीछे गेंद लपक ली। ऑस्ट्रेलिया ने जोरदार अपील की लेकिन मैदानी अंपायर जोएल विल्सन ने नकार दिया। कमिंस ने इस पर रिव्यू लिया और तीसरे अंपायर बांग्लादेश के शफुद्दौला ने जब स्निको पर इस कैच को चेक किया तो कोई भी डिफलेक्शन नहीं दिख रहा था,लेकिन नॉर्मल वीडियो में दिख रहा था कि गेंद यशस्वी के ग्लब्स के पास से डिफलेक्ट हो रही थी। तीसरे अंपायर ने नॉर्मल वीडियो के डिफलेक्शन पर भरोसा किया और स्निको को नकारते हुए आउट का फैसला दिया। इसके बाद कमेंट्री कर रहे गावस्कर ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से गलत है। तीसरे



अंपायर को पूरी तरह से साक्ष्य जुटाते हुए निर्णय देना चाहिए था। मैदानी अंपायर ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया की अपील का नकार दिया था। तीसरे अंपायर को आधुनिक तकनीकी का उपयोग करते हुए अपना निर्णय देना चाहिए था। ऐसे में आप तकनीक का प्रयोग क्यों ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वीडियो में जो दिख रहा है, वह भ्रम हो सकता है। वहीं शास्त्री ने कहा कि बहुत कम बार ऐसा फैसला होता है, जहां पर स्निको में कुछ नहीं दिखता और आप मैदानी अंपायर के नॉट आउट के फैसले को बदल कर आउट करार देते हैं। आज ऐसा लग रहा है कि स्निको ऑस्ट्रेलिया का छठा गेंदबाज है।

## क्रिकेटर ऑफ द ईयर बन सकते हैं बुमराह

● दुबई

**भारत** के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 2024 में आईसीसी के क्रिकेटर ऑफ द ईयर और टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर बन सकते हैं। उन्हें आईसीसी ने दोनों ही कैटेगरी में नॉमिनेट किया, उनके प्रदर्शन को देखते हुए वह अवॉर्ड जीतने की रेस में टॉप पर हैं।

बुमराह ने 2024 में तीनों फॉर्मेट मिलाकर सबसे ज्यादा 86 विकेट लिए, टेस्ट में भी उनके नाम सबसे ज्यादा 71 विकेट रहे। उनकी धारदार गेंदबाजी ने भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताने में भी मदद की। वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। सोमवार को आईसीसी ने क्रिकेटर ऑफ द ईयर और टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर के लिए 4-4 प्लेयर्स शॉर्टलिस्ट किए। क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड तीनों फॉर्मेट में बेस्ट प्रदर्शन करने वाले प्लेयर को मिलता है। इसके लिए उन्हें सर गारफिल्ड सॉबर्स ट्रॉफी मिलती है। बुमराह के अलावा के इंग्लैंड के जो रूट, हैरी ब्रूक और ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड भी रेस में हैं। इस साल इंटरनेशनल क्रिकेट में बुमराह का प्रदर्शन



शानदार रहा। उन्होंने 13 टेस्ट खेले और सबसे ज्यादा 71 विकेट लिए। उनकी औसत महज 14.92 की रही। 45 रन देकर 6 विकेट, एक इनिंग में उनका बेस्ट प्रदर्शन रहा। उन्होंने इस साल एक भी वनडे नहीं खेला। बुमराह ने भारत को टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने टूर्नामेंट के 8 मैचों में कुल 15 विकेट हासिल किए थे। फाइनल में भी उन्होंने रीजा हेंड्रिक्स और मार्को यानसन के अहम विकेट लिए थे। इस

### टेस्ट में भी नॉमिनेट, 2024 में 86 विकेट लिए, भारत को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया

प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी मिला था। 2 फॉर्मेट में टॉप क्लास प्रदर्शन के कारण वह अवॉर्ड जीत सकते हैं। टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर की रेस में भी बुमराह का सामना इंग्लैंड के जो रूट और हैरी ब्रूक से होगा। यहां चौथा नाम श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस का है। जो रूट ने 17 टेस्ट में 55.57 की औसत से 1556 रन बनाए। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ करियर बेस्ट 262 रन की पारी भी खेली। दूसरी ओर ब्रूक ने 55 की औसत से 12 टेस्ट में 1100 रन बनाए। सर गारफील्ड सॉबर्स ट्रॉफी के लिए चौथा नाम ट्रैविस हेड का है जिन्होंने 9 टेस्ट में 40.53 की औसत से 608 रन बनाए। उनके नाम 15 टी-20 में 178.47 के स्ट्राइक रेट से 539 रन भी रहे।

# लगातार दूसरा टी-20 जीता न्यूजीलैंड

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 45 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त बना ली

● माउंट मॉन्गानुई,

**मिचेल** हे (नाबाद 41), मार्क चैपमैन (42) और टिम रॉबिंसन (41) की आतिशी पारियों के बाद जेकब डफी (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 45 रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली हैं। मिचेल हे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

न्यूजीलैंड के 186 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। पांचवें ओवर में मिचेल सैंटनर ने कुसल मेंडिस (10) को आउट कर श्रीलंका को पहला झटका दिया। इसके बाद 10वें ओवर में जेकब डफी ने पथुम निसंका ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। पथुम निसंका ने 28 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (37) रन बनाए। 12वें ओवर में कामिंदु मेंडिस



(10) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद श्रीलंका ने मात्र 14 रन जोड़कर अपने सात विकेट गवां दिए। 16वें ओवर में जेकब डफी ने कुसल परेरा को आउट कर श्रीलंका को चौथा झटका दिया। कुसल परेरा ने 35 गेदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (48) रनों की पारी खेली। वानिंदु हसरंगा (01), महीश तीक्षणा (00) को डफी ने आउट किया। चरित असलंका 16 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। अविष्का फर्नांडो (05) और मतीशा पतिराना (00) को मैट हेनरी ने आउट किया। जैकरी फॉक्स ने 20वें ओवर में बिनुरा फर्नांडो (03) को आउट श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 19.1 ओवर में 141 रन पर ढेर हो गई। न्यूजीलैंड की ओर से जेकब डफी ने चार ओवरों में 15 रन देकर चार विकेट लिए। मैट हेनरी और मिचेल सैंटनर ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। माइकल ब्रेसवेल और जैकरी फॉक्स को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में रचिन रविंद्र (01) का विकेट गवां दिया। उन्हें नुवान तुषारा ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्क चैपमैन ने टिम रॉबिंसन के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी की।

## सैयद किरमानी ने अपनी किताब 'स्टम्प्ड' लॉन्च की, कपिल देव और कुंबले मौजूद रहे

**बेंगलुरु, वार्ता** : भारत के वर्ल्ड कप विजेता विकेटकीपर सैयद किरमानी ने अपनी किताब 'स्टम्प्ड' लॉन्च की। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को इवेंट हुआ। कपिल देव, जवागल श्रीनाथ, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले और वीवीएस लक्ष्मण भी मौजूद रहे। किरमानी ने ऑटो बायोग्राफी में अपने जीवन और क्रिकेट करियर के बारे में बताया। पेंग्विन की लंदन पब्लिकेशन ने बुक को पब्लिश किया। किरमानी के साथ देबाशीष सेनगुप्ता और दक्षेश पाठक भी किताब के ऑथर हैं। इवेंट में इन्फोसिस के चेयरमैन एनआर नारायण मूर्ति और कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी मौजूद रहे। डीके शिवकुमार ने कहा कि क्रिकेट को राजनीति से दूर रखना चाहिए। मैं क्रिकेट फैन हूं। 1983 में फाइनल के दौरान में मैनहटन में था। वहीं मुझे अगले दिन अखबार से पता लगा कि भारत ने वर्ल्ड कप जीत लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK